हरेली तिहार के गाड़ा-गाड़ा बधाई
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com

अंदर के पृष्ठों पर
2 | छत्तीसगढ़
4 | अभिव्यक्ति
9 | कारोबार/खेल

रायपुर, बुधवार, 12 अगस्त 2026 कृष्ण पक्ष-आमवस्या, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 184 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आत्मसमर्पित युवा नक्सलियों की खुलेगी नसबंदी, 109 शहीद स्मारकों का होगा निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर अटल नगर स्थित महानदी भवन सभागार में सोमवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों, पुनर्वासित युवाओं तथा माओवादी गतिविधियों से प्रभावित लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सहायता एवं सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ऐसे पुनर्वासित युवाओं के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, जिनकी नसबंदी कराई गई थी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसे युवाओं की नसबंदी खुलवाने की प्रक्रिया के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में उन्होंने प्रभावित परिवारों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, पुनर्वासित युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, शहीदों के सम्मान में स्मारकों के निर्माण तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण सहित विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। नक्सल पीड़ित परिवारों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ क्यूआर कोड से मिलेगी शहीदों और घटनाओं की पूरी जानकारी

■ लंबित मामलों के निराकरण के लिए चलेगा विशेष अभियान

■ पुनर्वास और शहीद परिवारों को सहायता में तेजी लाने के निर्देश

शहीद स्मारक केवल स्मृति स्थल नहीं होंगे

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राज्य निर्माण से अब तक माओवादी हिंसा में शहीद हुए जवानों एवं दिवंगत नागरिकों की स्मृति में घटना स्थल अथवा संबंधित ग्रामों में बनाए जाने वाले 109 शहीद स्मारकों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इन स्मारकों के लिए एक मानक डिजाइन तैयार कर निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक केवल स्मृति स्थल नहीं होंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को शहीदों के बलिदान और नक्सल हिंसा की घटनाओं से परिचित कराने का माध्यम भी बनेंगे।

हिंसा में प्रभावितों को राहत पहुंचाने विशेष अभियान

उप मुख्यमंत्री ने राज्य निर्माण से अब तक नक्सल हिंसा में हताहत हुए लोगों के ऐसे मामलों की भी समीक्षा की, जिनमें अब तक प्रभावित परिवारों तक राहत नहीं पहुंचाई जा सकी है। उन्होंने ऐसे सभी मामलों की पहचान कर विशेष मुहिम चलाने, प्रभावित लोगों से आवेदन प्राप्त करने और पात्र हितग्राहियों को शासन की सहायता एवं राहत का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नक्सल हिंसा से प्रभावित कोई भी पात्र परिवार शासन की सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिए।

गंभीर को छोड़कर अन्य मामलों का जल्द निराकरण

उप मुख्यमंत्री ने पुनर्वासित युवाओं से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यूएपीए, जनहानि जैसे गंभीर प्रकरणों को छोड़कर अन्य मामलों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्रता से निराकृत किया जाए। इसके लिए पेशेवर अधिवक्ताओं, लोक अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं का दल गठित कर सभी प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मामलों में पृथक्करण की प्रक्रिया भी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आज बेबाक

नसीरुद्दीन शाह को एक अन्य एक्टर पीयूष मिश्रा ने करारा जवाब दिया है। जंतरमंतर पर आंदोलन के दौरान इस जाहिल ने पीएम मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्द कहे थे और कहा था कि आंदोलन पर जो एक शब्द नहीं बोल रहे उनकी जुबान में हड्डी है। इस हड्डी के ढांचे से पीयूष मिश्रा ने पूछा है कि रांची के आंदोलन पर तुम्हारे जुबान से एक शब्द भी क्यों नहीं निकल रहा है बदजुबान? वाकई रांची के छात्र आंदोलन पर नसीरुद्दीन सहित उन तमाम लोगों की जुबान को लकवा मार गया है जो काकरोचों के लिए टसुए बहा रहे थे।

सियासत : भाजपा सांसद ने पूछा- राहुल झारखंड क्यों नहीं गए, प्रियंका का जवाब- वे छात्रों से मिल चुके

संसद परिसर में एनडीए-कांग्रेस सांसद आमने-सामने आए, जमकर नारेबाजी

नई दिल्ली/ए.। संसद परिसर में एनडीए और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने मंगलवार को एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। एनडीए सांसदों ने विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाया, जबकि विपक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने भी आ गए।

प्रियंका गांधी के संसद पहुंचने पर भाजपा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाने लगे। भाजपा सांसद मुकेश दलाल ने पूछा कि राहुल झारखंड में छात्र प्रदर्शनकारियों से क्यों नहीं मिल रहे हैं। प्रियंका मुस्कुराती हुई उनके पास गईं और कहा- राहुल झारखंड गए हैं और छात्रों से मिल चुके हैं।

लोकसभा की कार्यवाही बुधवार तक स्थगित: लोकसभा और राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। लोकसभा की कार्यवाही पहले 11 बजे तक स्थगित की गई। दोपहर 2 बजे सदन दोबारा शुरू हुआ, लेकिन करीब आधे घंटे बाद ही हंगामे के चलते ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शाह चर्चा को तैयार, छात्रों पर पुलिस एक्शन का आदेश किसने दिया गृहमंत्री बताएं : राहुल

20 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र का 13 अगस्त को आखिरी दिन है। तीन हफ्तों के दौरान संसद की कार्यवाही लगातार हंगामे के कारण प्रभावित रही है। विपक्ष दिल्ली में 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के जवाब की मांग कर रहा है। सरकार ने सोमवार को कहा कि अमित शाह इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। हालांकि, राहुल ने कहा कि हमें शाह की राय नहीं सुननी बल्कि यह जानना है कि छात्रों पर पुलिस एक्शन का आदेश किसने दिया था।

एफसीआरए बिल को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने पर विचार

नई दिल्ली/ए.। विदेशी अंशदान विनियमन कानून (एफसीआरए) में संशोधन को लेकर देश की राजनीति में एक बार फिर गर्माहट आ गई है। गैर-सरकारी संगठनों और विभिन्न संस्थाओं को मिलने वाली विदेशी फंडिंग को अधिक पारदर्शी और सख्त बनाने के उद्देश्य से लाए जा रहे इस संशोधन विधेयक पर सरकार और विपक्ष पूरी तरह आमने-सामने खड़े हैं।

एक तरफ जहां सरकार इस कानून के जरिए विदेशी धन के संभावित दुरुपयोग को रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने का तर्क दे रही है, वहीं विपक्षी दल इसे सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर सीधा हमला करार दे रहे हैं। इस बढ़ते राजनीतिक गतिरोध को समाप्त करने और संसद के भीतर एक सर्वसम्मत रास्ता निकालने के लिए अब सरकार विधेयक को सीधे पारित कराने के बजाय इसे संसद की संयुक्त समिति को सौंपने की रणनीतिक तैयारी में जुट गई है।

आम सहमति का रास्ता तलाश रही सरकार

विदेश से मिलने वाले फंड और अनुदान को नियंत्रित करने वाले विवादित एफसीआरए पर केंद्र सरकार बैकफुट पर जाने के बजाय आम सहमति का रास्ता तलाशती नजर आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सरकार इस विधेयक को संसद में सीधे पेश करने से पहले इसकी विस्तृत जांच और व्यापक समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने पर विचार कर रही है।

विपक्षों दलों के प्रमुख नेताओं से बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के तुरंत बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा स्पीकर से बंद कमरे में बैठक की। इससे पहले वे गतिरोध खत्म करने और विधेयक पर चर्चा की जमीन तैयार करने के लिए विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं के साथ भी कई दौर की बातचीत कर चुके हैं।

'हर घर तिरंगा' को बनाएं उत्सव : प्रधानमंत्री मोदी

■ 15 अगस्त से पहले पीएम मोदी की खास अपील

नई दिल्ली/ए.। स्वतंत्रता दिवस 2026 से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के लिए खास संदेश जारी किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान को सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर घर का उत्सव बनाने की अपील की है।

पीएम मोदी ने अपने संदेश में देशवासियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगे के साथ जुड़ने और इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

स्वतंत्रता दिवस से पहले बढ़ा उत्साह

15 अगस्त के नजदीक आने के साथ ही देशभर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर कार्यक्रमों और तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। ऐसे समय में पीएम मोदी का यह वीडियो संदेश लोगों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण अपील के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री की अपील के बाद अब सोशल मीडिया पर भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों की भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

उम्र चाहे कुछ भी हो, लापता लोगों के मामले में तुरंत एफआईआर करें : सुको

■ सुप्रीम कोर्ट का राज्यों को सख्त निर्देश

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को साफ किया है कि लापता लोगों के मामले में उम्र या लिंग की परवाह किए बिना तुरंत एफआईआर दर्ज करनी होगी।

कोर्ट ने कहा कि उसके पहले के आदेश में व्यक्ति का मतलब हर व्यक्ति है, इसमें बच्चे और वयस्क दोनों शामिल हैं। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यह जानकर हैरानी हुई कि कुछ राज्यों को लगा कि आदेश सिर्फ बच्चों के लिए है। कोर्ट ने इसे राज्यों की ओर से उठाया गया जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण बहाना बताया। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्रिकेटर अभिषेक पोरेल हुगली में गिरफ्तार

कोलकाता/ए.। क्रिकेटर अभिषेक पोरेल को मंगलवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले से गिरफ्तार किया गया है। एक मेडिकल छात्रा ने उनके खिलाफ दुष्कर्म का गंभीर मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि क्रिकेटर ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। कलकत्ता हाईकोर्ट के कड़े आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई है, क्योंकि पोरेल पर पीड़िता की निजी तस्वीरें और वीडियो लीक करने की धमकी देने का भी आरोप है। बंगाल के इस क्रिकेटर के खिलाफ यह शिकायत पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के मोगरा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई थी।

गरमा-गरम

शराब घोटाला केस में 5 दिन की ईडी रिमांड पर रामगोपाल

■ भूपेश बघेल ने कहा- इनके पास कोई सबूत नहीं, किया जा रहा परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें गिरफ्तार कर आज सेंट्रल जेल से रायपुर कोर्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेश किया। जहां से उन्हें 5 दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया गया है। अब ईडी अगले पांच दिनों तक उनसे शराब घोटाले और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ करेगी। जानकारी के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रामगोपाल से मिलने कोर्ट पहुंचे भूपेश बघेल

ईडी की टीम जब रामगोपाल अग्रवाल को कोर्ट लेकर पहुंची, तभी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी जिला कोर्ट पहुंचे और उन्होंने रामगोपाल अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान रामगोपाल पर ईडी की कार्रवाई को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि नकली गवाह हैं, इनके पास कोई सबूत नहीं है। केवल परेशान करने के लिए सारी कार्रवाई कर रहे हैं।

सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति असद और उनके छोटे भाई को फांसी की सजा

■ लाखों लोगों की मौत का जिम्मेदार ठहराया गया, ममेरे भाई को पिंजरे में कोर्ट लाया गया

दमिश्क/ए.। सीरिया की एक अदालत ने मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनके छोटे भाई माहेर अल-असद को फांसी की सजा सुनाई। दोनों को गृहयुद्ध के दौरान लाखों लोगों की हत्या और अत्याचार के मामलों में दोषी ठहराया गया।

इसी मामले में बशर अल-असद के मामा के बेटे अतीफ नजीब को भी फांसी की सजा सुनाई गई। बशर और माहेर दिसंबर 2024 में सरकार गिरने के बाद रूस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अतीफ के आदेश के बाद सीरिया में गृहयुद्ध भड़का

अतीफ नजीब सीरियाई सेना में ब्रिगेडियर जनरल रह चुके हैं। वह असद सरकार के सबसे बड़े अधिकारियों में से एक हैं, जिन पर अदालत में मुकदमा चला। अतीफ पर आरोप है कि उन्होंने प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने का आदेश दिया था। आदेश के बाद सीरिया में विरोध प्रदर्शन और उग्र हो गया। यह 14 साल तक चलता रहा। इस गृहयुद्ध में करीब 5 लाख लोगों की मौत हुई।

12.50 लाख के नकली नोट, 3 गिरफ्तार

■ कलर प्रिंटर से छाप रहे थे जाली नोट, पूछताछ में सामने आया पूरा नेटवर्क

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस ने नकली नोट बनाने और उन्हें बाजार में खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना बोडला की चौकी पोंडी और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12.50 लाख रुपए के नकली नोट, कलर प्रिंटर, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त टाटा पंच ईवी कार बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी जुलाई 2026 से कलर प्रिंटर के माध्यम से नकली नोट तैयार कर उन्हें असली रकम के रूप में चलाने की कोशिश कर रहे थे। मामला तब सामने आया जब ग्राम कमराखोल निवासी दिनेश कुमार यादव ने चौकी पोंडी में शिकायत दर्ज कराई। दिनेश ने अप्रैल 2026 में घुरवा राम को 3.75 लाख रुपए उधार दिए थे। रकम वापस मांगने पर घुरवा राम ने सतीश कुमार के माध्यम से पैसे भेजने की बात कही और दिनेश को ग्राम पोंडी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ 3.75 लाख की उधारी लौटाने के नाम पर 4.50 लाख के नकली नोट देने पहुंचे थे आरोपी

10वीं टॉपर ने फर्जी आईएएस बनकर कमाए 100 करोड़

■ एंटीलिया जैसा घर, ड्राइवरलेस टेस्ला कार, 8 अकाउंट, 20 क्रेडिट कार्ड मिले

पटना/ए.। बिहार के खगड़िया में फर्जी आईएएस अफसर मनीष गुप्ता की 100 करोड़ की संपत्ति का पता चला है। अब पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि मनीष ने कैसे ये संपत्ति जुटाई। उसे रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

41 साल के मनीष ने शादी नहीं की है। उसने करीब 7 हजार स्क्वेयर फीट जमीन पर मुकेश अंबानी जैसा घर बनवाया था, ताकि वह सब पर नजर रख सके। 8 अगस्त को उसके घर पर हुई रेड में 20 क्रेडिट कार्ड और 8 बैंक खातों का डिटेल मिला। 5 आईफोन और आईपैड भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब उसका नेटवर्क खंगालने में जुटी है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि मनीष कनाडा और अमेरिका से ट्रांजैक्शन करता था। मनीष ने 12वीं तक खगड़िया में ही पढ़ाई की। 10वीं में उसने जिले में टॉप ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फोन-आईपैड का पासवर्ड नहीं बता रहा

पुलिस ने आरोपी के पास से 5 आईफोन, MacBook, iPad और 4 टीबी की हार्ड डिस्क बरामद की है। इन डिवाइस में मौजूद कॉल रिकॉर्ड, चैट, ई-मेल, सोशल मीडिया अकाउंट, फोटो, वीडियो, दस्तावेज और बैंकिंग गतिविधियों से पुलिस को पूरे नेटवर्क की जानकारी मिल सकती है। जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि मनीष किन लोगों से संपर्क में था। लेकिन फर्जी आईएएस फोन और आईपैड का पासवर्ड नहीं बता रहा है। पुलिस अब एक्सपर्ट से मनीष का फोन-आईपैड अनलॉक करवा सकती है।

कोचरब आश्रम : 150 वर्ष पुराने बंगले में तैयार हुई सत्याग्रह की जमीन, सत्य और अहिंसा को जीवन पद्धति में उतारा

जहां गांधी ने आजादी की लड़ाई से पहले गढ़े सत्याग्रह के संस्कार

हेमन्त धोटे

नवप्रदेश विशेष

अहमदाबाद/रायपुर/नवप्रदेश। आजादी की लड़ाई में साबरमती आश्रम की भूमिका इतिहास के पन्नों में दर्ज है, लेकिन इस संघर्ष की वैचारिक जमीन उससे पहले अहमदाबाद के कोचरब आश्रम में तैयार हुई थी। करीब 150 वर्ष पुराने एक बंगले में वर्ष 1915 में शुरू हुआ यह आश्रम गांधीजी के लिए केवल निवास नहीं, बल्कि भारत में सत्याग्रह, आत्मानुशासन, स्वदेशी, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जीवनलाल का बंगला बना आंदोलन की प्रयोगशाला

गांधीजी के मित्र और बैरिस्टर जीवनलाल देसाई का करीब 150 वर्ष पुराना बंगला कोचरब आश्रम का पहला ठिकाना बना। इसकी निचली मंजिल पर आश्रमवासी रहते थे और ऊपरी मंजिल पर बैठकें होती थीं। इन्हीं बैठकों में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े विचारों और प्रारंभिक रणनीतियों पर मंथन किया गया। यह ऐतिहासिक कक्ष आज भी 'सत्याग्रह मेमोरियल हॉल' के रूप में संरक्षित है। दक्षिण अफ्रीका के फीनिक्स सेटलमेंट और टॉल्स्टॉय फार्म में गांधीजी ने जिन प्रयोगों का अनुभव प्राप्त किया था, उन्हें भारत की सामाजिक परिस्थितियों में पहली बार कोचरब में उतारा गया।

11 व्रतों से तैयार किया सत्याग्रही का चरित्र

गांधीजी का मानना था कि राजनीतिक आंदोलन की सफलता के लिए सत्याग्रही का चरित्र भी मजबूत होना चाहिए। कोचरब आश्रम में इसी उद्देश्य से 11 जीवन-व्रतों की व्यवस्था विकसित हुई- सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह, अस्वाद, शारीरिक श्रम, स्वदेशी, अभय, अस्पृश्यता निवारण और सर्वधर्म समभाव। ये केवल आश्रम के नियम नहीं थे। आगे चलकर सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, निर्भयता और सामाजिक समानता जैसे विचार गांधी के नेतृत्व वाले स्वतंत्रता आंदोलन की पहचान बने। कोचरब में इन सिद्धांतों को पहले स्वयं के जीवन में उतारने और फिर समाज तक पहुंचाने का प्रयोग हुआ।

सामाजिक आजादी की लड़ाई पहले शुरू की गई

कोचरब आश्रम ने स्वतंत्रता आंदोलन को केवल सत्याग्रह की राह ही नहीं दिखाई, बल्कि सामाजिक समानता को भी उसके केंद्र में रखा। गांधीजी ने दलित परिवार- दूधाभाई, दानीबेन और उनकी पुत्री लक्ष्मी को आश्रम में रहने की अनुमति दी। उस समय इस फैसले का तीखा विरोध हुआ। आश्रम को मिलने वाली आर्थिक सहायता तक बंद हो गई और उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। इसके बावजूद गांधीजी अपने निर्णय से पीछे नहीं हटे। यह घटना बताती है कि उनके लिए अंग्रेजी शासन से स्वतंत्रता और भारतीय समाज को अस्पृश्यता से मुक्ति दिलाने की लड़ाई एक-दूसरे से अलग नहीं थीं।

छत्तीसगढ़ शासन

हमर छत्तीसगढ़ के
पहिली लोक परब

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

हरेली तिहार

के गाड़ा-गाड़ा बधाई

12 अगस्त 2026

कृषकों का आर्थिक सशक्तीकरण

- ढाई वर्षों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों के खाते में **₹1.50 लाख करोड़** से अधिक अंतरित
- **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि : 25 लाख** से अधिक किसानों को **₹11,277 करोड़** का भुगतान

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना

- भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष **₹10,000** की आर्थिक सहायता

कृषि का आधुनिकीकरण

- जीएसटी 2.0 लागू होने से **कृषि उपकरण हुए सस्ते**

कृषक उन्नति योजना

- **₹3,100 प्रति क्विंटल** की दर से प्रति एकड़ **21 क्विंटल** धान खरीदी

फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन

- धान के अतिरिक्त अन्य खरीफ फसलों की खेती पर प्रति एकड़ **₹15,000** की आदान सहायता

आसान ऋण सुविधा

- खाद- बीज की खरीदी के लिए **ब्याज मुक्त ऋण**

हरियर धरती, खुशहाल किसान
समृद्धि और जनकल्याण, सुशासन की पहचान

S- 48731

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

सेवा-सेतु और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर करें निराकरण : एसीएस

■ **हर जनपद में एक स्वस्थ पंचायत विकसित करने का सुझाव**

रायपुर/नवप्रदेश। जिले की प्रभारी सचिव एवं अपर उप सचिव ऋचा शर्मा ने मंगलवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सुशासन और नवाचार के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। नागरिकों को सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जनसुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों को सतही तौर पर न लिया जाए, बल्कि उनका वास्तविक रूप से निराकरण किया जाए।उन्होंने कहा कि यदि दस्तावेजों के अभाव में किसी प्रकरण को निरस्त किया जा रहा है तो इसके लिए वीएलसी एवं सेवा-सेतु केंद्रों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि हितग्राहियों के सभी आवश्यक दस्तावेजों को सही तरीके से अपलोड कराया जा सके।

लंबित खाता विभाजन के मामलों का भी जल्द निराकरण हो

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते हुए श्रीमती शर्मा ने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजना का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए राजस्व विभाग फौती एवं खाता विभाजन के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करे। साथ ही, लंबे समय से लंबित संयुक्त खाता विभाजन के प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि पात्र किसानों को योजना का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक जनपद में एक स्वस्थ पंचायत विकसित की जाए, जहां सभी महिलाओं और बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए।

पीएमश्री स्कूलों का निर्माण कार्य जल्द पूरा करें: शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने पीएमश्री स्कूलों में निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रायपुर राजधानी होने के कारण यहां परख पोर्टल (प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण) में उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखा जाए। श्रीमती शर्मा ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांवों के तालाबों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि रायपुर जिले में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं के परिणामों में वृद्धि हुई है। अगले वर्ष श्रेणीगत परिणामों में और बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य रखा जाए।

स्कूलों-आंगनबाड़ी में अमरूद-लौकी के बीज

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में वीएनआर सीड्स के साथ जिला प्रशासन द्वारा अनुबंध किया गया है। इसके तहत सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अमरूद और लौकी के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे बच्चों को स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। कलेक्टर ने 'आओ बांटें खुशियां' प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में जिले के लोगों में न्योता भोज के प्रति जागरूकता कम थी, लेकिन इस प्रोजेक्ट के बाद अब तक 7 हजार से अधिक लोगों ने अपना जन्मदिन अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में मनाया है। बैठक में एसीएस श्रीमती रिचा शर्मा ने प्रोजेक्ट धड़कन एवं प्रोजेक्ट दधीचि के हितग्राहियों व स्मृति पुस्तकालय के दानदाताओं को सम्मानित किया।

न्यूज गैलरी

बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार व अंक बढ़ाने के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल से रहें सावधान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा समाप्त होने के उपरांत वर्तमान में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य प्रचलन में है। विगत वर्षों 2024 एवं 2025 में भी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के पूर्व एवं पश्चात कुछ विद्यार्थियों एवं पालकों को फर्जी फोन कॉल प्राप्त होने की शिकायतें सामने आई थीं, जिनमें फर्जी कॉलरों द्वारा परीक्षा परिणाम में सुधार करने, अंक बढ़ाने अथवा अनुत्तीर्ण विद्यार्थी को उत्तीर्ण कराने के नाम पर अनुचित रूप से धनराशि की मांग की गई थी। इस संबंध में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आमजन, छात्र-छात्राओं एवं पालकों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा परीक्षा परिणाम में सुधार, अंक बढ़ाने अथवा उत्तीर्ण कराने के नाम पर फोन कॉल अथवा किसी अन्य माध्यम से संपर्क किया जाता है, तो ऐसे भ्रामक एवं फर्जी कॉल पर किसी भी स्थिति में विश्वास न करें तथा किसी प्रकार का आर्थिक लेन-देन न करें। ऐसे फर्जी कॉल प्राप्त होने पर तत्काल अपने नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार के फर्जी कॉल अथवा धनराशि की मांग का मण्डल से कोई संबंध नहीं है।

खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गूंजा देशभक्ति का जज्बा, निकली तिरंगा यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत बिलासपुर के बहतराई स्थित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में सेंटर के खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। हाथों में तिरंगा लेकर निकले खिलाड़ियों ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के उत्साह से सराबोर नजर आया। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ तिरंगा लहराते हुए राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव की भावना व्यक्त की। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित इस आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों और युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना जागृत करना था। आयोजन के माध्यम से 'हर घर तिरंगा' अभियान के संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया।

3870 करोड़ के शराब ओवर रेटिंग घोटाले की जांच कब करेगी ईडी: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में शराब धड़ल्ले से ओवर रेट में बेची जा रही है इस पूरे खेल को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। शराब की ओवर रेटिंग सरकार में बैठे हुए लोग करा रहे हैं। हर ब्रांड की शराब में 10 से 60 रू. तक प्रति बोतल वसूला जा रहा था। सरकारी आंकड़ों में प्रतिदिन शराब का विक्रय 28 लाख 65

हजार बोतल है, हर बोतल में 10 से 60 रू. अधिक वसूला जा रहा है, 4 करोड़ 29 लाख प्रतिदिन अवैध वसूली, महिनें का 129 करोड़, 1548 करोड़ सालाना, विगत ढाई साल में 3870 करोड़ का शराब ओवर रेटिंग घोटाला इस सरकार ने किया गया है। ईडी बताये कि 3870 करोड़ के शराब घोटाले की जांच कब करेगी? श्री बैज ने कहा कि शराब के काउंटर में बैठे लोग दावा कर रहे हैं कि शराब का पैसा ऊपर तक जा रहा था। यह मामला मीडिया में आया और जनता ने विरोध किया तब जाकर कुछ अधिकारियों को सस्पेंड करने की कार्रवाई की गयी। अधिकारी तो सरकार के निर्देश पर काम कर रहे थे उन्हे बलि का बकरा बना दिया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठित शराब घोटाला चल रहा। हजारों करोड़ रूपये वसूली हो रही है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी तब पता चलेगा कितने बड़े-बड़े लोग शामिल है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि भाजपा के सरकार में शराब घोटाला हुआ है ईडी, सीबीआई जांच करने से क्यों घबरा रही है?

हरेली और गृह प्रवेश के दोहरे उत्सव में जुटेगा प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू और लोक-परंपरा के प्रतीक पर्व 'हरेली' के पावन अवसर पर नवा रायपुर में एक भव्य और गरिमामय आयोजन होने जा रहा है। राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा आयोजित इस विशेष 'हरेली अऊ गृह प्रवेश' कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित शासन और संगठन का शीर्ष नेतृत्व शिरकत करेगा। बुधवार 12 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक नवा रायपुर के सेक्टर 24 के एम-12 स्थित आवास परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम देखने को मिलेगा।

बैठक: केंद्रीय पर्यटन परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने की विस्तृत समीक्षा

पर्यटन परियोजनाओं में अनावश्यक देर बर्दाश्त नहीं, कार्ययोजना के साथ तय होगी जवाबदेही

रायपुर/नवप्रदेश। मंत्रालय महानदी भवन में मंगलवार को पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने राज्य में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत केंद्रीय पर्यटन परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वदेश दर्शन योजना 2.0, चैलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट (सीबीडीडी), स्पेशल असिस्टेंस स्कीम फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट (एसएएससीआई) तथा प्रसाद योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं की कार्य प्रगति, पूर्णता की समय-सीमा, लंबित तकनीकी प्रक्रियाओं तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की गई।

सचिव पर्यटन डॉ. एस. भारतीदासन ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि पर्यटन परियोजनाओं के निर्माण में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने परियोजनावार कार्य प्रगति की नियमित निगरानी, प्रत्येक कार्य की पूर्णता की समय-सीमा निर्धारित करने तथा लंबित कार्यों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में कार्य निर्धारित समय-सीमा से पीछे चल रहे हैं, उनके विलंब के कारणों की स्पष्ट समीक्षा की जाए तथा सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक कार्य घटक के लिए स्पष्ट समय-सारणी निर्धारित की जाए। निर्माण एजेंसियों द्वारा कार्य में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित एजेंसी की जवाबदेही तय करते हुए अनुबंधीय प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

भोरमदेव कॉरिडोर परियोजना की समीक्षा

बैठक में जशपुर जिले के बगीचा स्थित मयाली पर्यटन परियोजना तथा भोरमदेव कॉरिडोर पर्यटन परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सचिव पर्यटन ने इन परियोजनाओं में स्ट्रक्चर वेटिंग एवं तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थल पर किए गए प्रारंभिक कार्यों का तकनीकी परीक्षण कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा, ताकि आगे के निर्माण कार्यों को निर्धारित तकनीकी मानकों एवं स्वीकृत कार्ययोजना के अनुरूप तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

तकनीकी स्वीकृति और लंबित प्रक्रियाओं का शीघ्र निराकरण

बैठक में तकनीकी स्वीकृति, स्ट्रक्चर वेटिंग सहित अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। सचिव पर्यटन ने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर इन प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए, ताकि तकनीकी प्रक्रियाओं के कारण निर्माण कार्य प्रभावित न हों।

डोंगरगढ़ प्रसाद योजना के शेष कार्य जल्द पूरा करें

प्रसाद योजना के अंतर्गत डोंगरगढ़ में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए डॉ. भारतीदासन ने परियोजना को पूर्णता के निकट देखते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों को शेष कार्यों के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करने को कहा।

वास्तविक प्रगति के अनुरूप भुगतान पर जोर

डॉ. भारतीदासन ने सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यों का मापन, मूल्यांकन तथा भुगतान की प्रक्रिया वास्तविक भौतिक प्रगति के अनुरूप और नियमानुसार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित तकनीकी निगरानी तथा गुणवत्ता परीक्षण को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

प्रत्येक परियोजना के लिए जिम्मेदार अधिकारी होंगे निर्धारित

सचिव पर्यटन ने छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड को प्रत्येक केंद्रीय पर्यटन परियोजना के लिए बोर्ड के जिम्मेदार अधिकारी निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी परियोजना की नियमित निगरानी करेंगे और प्रत्येक माह की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। इससे परियोजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की नियमित समीक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

अगली समीक्षा बैठक में प्रस्तुत होगी एक्शन टेकन रिपोर्ट

सचिव पर्यटन ने केंद्रीय पर्यटन परियोजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए आगामी समीक्षा बैठक में प्रत्येक परियोजना की प्रगति के साथ एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई और परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत की जाए, ताकि लंबित कार्यों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य, डीजीएम श्रीमती पूनम शर्मा, पर्यटन विभाग की अवर सचिव श्रीमती रुचि शर्मा, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अभियंता, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत स्वदेश दर्शन योजना 2.0, चैलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट (सीबीडीडी), स्पेशल असिस्टेंस स्कीम फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट (एसएएससीआई) तथा प्रसाद योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों से संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों, सलाहकारों, वास्तुविदों तथा संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

राहुल युवाओं के मुद्दों की आड़ में अराजकता फैलाने का षड्यंत्र रच रहे : डिप्टी सीएम शर्मा

■ **राहुल गांधी कांग्रेस और विपक्ष पर दोहरे राजनीतिक चरित्र का आरोप**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और विपक्ष की भूमिका पर जोरदार हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी युवाओं के मुद्दों की आड़ में देश में अराजकता और भ्रम फैलाने का षड्यंत्र रच रहे हैं। श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार युवाओं और जनता के मुद्दों पर बेहद संवेदनशील है, जबकि राहुल गांधी सिर्फ राजनीतिक रोटियाँ सेंकने के लिए विरोध प्रदर्शनों का सहारा ले रहे हैं।

श्री शर्मा मंगलवार को अपने नया रायपुर स्थित निवास पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि देश में लोकतंत्र के तहत शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना हर नागरिक का

अधिकार है और सरकार ऐसे प्रदर्शनों का स्वागत करती है। लेकिन जब प्रदर्शनों के नाम पर राष्ट्रीय सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाया जाता है या भारत के पड़ोसी देशों (जैसे नेपाल, बांग्लादेश या पाकिस्तान) जैसी अस्थिर परिस्थितियों को भारत में निर्मित करने का गर्हित एजेण्डा चलाने का प्रयास किया जाता है, तो यह अत्यन्त चिंताजनक और अस्वीकार्य हो जाता है।

राहुल गांधी और उनका दल लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से नरेंद्र मोदी सरकार को हरा नहीं पा रहे हैं, इसलिए वे देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। नीट परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण पर बोलते हुए श्री शर्मा ने कहा कि परीक्षा का पेपर लीक होना एक दुःखद घटना थी, जिससे युवाओं में स्वाभाविक आक्रोश आया। युवाओं के इस विरोध-प्रदर्शन का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार ने इस पर बेहद संजीदा और संवेदनशील रुख अपनाया। एक जज की टिप्पणी के बाद मेहनतकश केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से लेकर सदन में चर्चा और सख्त नए कानून लाने तक सरकार ने हर वह कदम उठाया जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लग सके। इसके बावजूद, जब सरकार हर विषय पर खुलकर चर्चा करने और कड़े कानून बनाने के लिए तैयार है, तब राहुल गांधी और विपक्ष चर्चा से भागकर केवल माहौल बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने झारखण्ड के छात्र आन्दोलन के परिप्रेक्ष्य में राहुल गांधी के दोहरे राजनीतिक चरित्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे खुद को युवाओं की आवाज बताते हैं।

छत्तीसगढ़ में 9.81 लाख ग्रामीण पीएम आवास पूर्ण, 3.73 लाख निर्माणाधीन

■ **5 वर्षों में छत्तीसगढ़ को 15.45 लाख आवासों का लक्ष्य, 13.55 लाख स्वीकृत**

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा उठाया । श्री अग्रवाल के प्रश्नों के जवाब में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान छत्तीसगढ़ को 15,45,080 ग्रामीण आवासों का लक्ष्य दिया गया। इनमें से 13,55,436 आवास स्वीकृत किए गए और 9,81,442 पक्के आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।

प्रश्नों के लिखित जवाब में केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 3,73,994 आवास निर्माणाधीन हैं। छत्तीसगढ़ में स्वीकृत आवासों में से 72.41 प्रतिशत आवास पूरे हो चुके हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह दर लगभग 61.85 प्रतिशत है। यह

उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब-कल्याणकारी नीतियों और छत्तीसगढ़ में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को 9,269.61 करोड़ का केंद्रीय अंश जारी किया। केंद्र और राज्य के हिस्से को मिलाकर प्रदेश में कुल 16,046.93 करोड़ का उपयोग ग्रामीण आवास निर्माण में किया गया है।

योजना की शुरुआत से अब तक छत्तीसगढ़ को कुल 26,42,224 ग्रामीण आवासों का लक्ष्य आवंटित किया जा चुका है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, 'छत्तीसगढ़ में पूर्ण हुए 9.81 लाख आवास केवल मकान नहीं हैं। ये गरीब माताओं की चिंता का समाधान, बेटियों की सुरक्षा, बच्चों के सपनों की छत और लाखों परिवारों के सम्मान का प्रतीक हैं।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवारों को केवल आवास नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का विश्वास दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण ने गांवों की तस्वीर और लाखों परिवारों की जिंदगी बदल दी है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, 'छत्तीसगढ़ मेरा परिवार है। प्रदेश का प्रत्येक पात्र परिवार पक्के घर में रहे, यही मेरा संकल्प है। निर्माणाधीन 3.74 लाख आवास पूरे होने के बाद इतने ही और परिवारों के जीवन में खुशहाली और सुरक्षा का नया अध्याय जुड़ेगा।' केंद्र सरकार ने बताया कि पिछले पांच वित्तीय वर्षों में देशभर में 2.13 करोड़ ग्रामीण आवासों का लक्ष्य आवंटित किया गया।

एआई से महिलाओं की तस्वीर बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करना गंभीर अपराध

■ **महिला आयोग में 17 मामलों की सुनवाई, 5 नस्तीबद्ध**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने कहा है कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से किसी महिला की आपत्तिजनक तस्वीर बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करना गंभीर साइबर अपराध है। ऐसे मामलों में पीड़ित महिलाओं को तत्काल कानूनी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज कराने का अधिकार है।

राज्य महिला आयोग कार्यालय, रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय द्वितीय जनसुनवाई में अध्यक्ष डॉ. ममता साहू एवं सदस्य सुश्री दीपिका शोरी ने महिला उत्पीड़न से संबंधित 30 प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा, जिनमें 17 मामलों की सुनवाई की गई तथा 5 प्रकरण नस्तीबद्ध किए गए। सुनवाई के दौरान एक मामले में महिला ने शिकायत की कि कुछ लोग एआई तकनीक का उपयोग कर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे हैं। आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे साइबर अपराध से संबंधित माना और संबंधित पक्षों को अपना पक्ष

प्रस्तुत करने का अवसर देते हुए प्रकरण को अगली सुनवाई के लिए रखा।

कुछ मामलों में निष्पक्ष सुनवाई नहीं होने की शिकायत: आयोग के समक्ष कुछ महिलाओं ने यह भी शिकायत रखी कि उनके प्रकरणों में निष्पक्ष सुनवाई नहीं हुई। आयोग ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक परीक्षण और पुनर्विचार की प्रक्रिया सुनिश्चित करने की बात कही। एक अन्य मामले में पति-पत्नी के बीच विवाद और प्रताड़ना की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच समझौता होने की जानकारी दी गई। आयोग ने मामले को निगरानी में रखने का निर्णय लिया। संपत्ति विवाद और पारिवारिक प्रताड़ना से जुड़े मामलों में आयोग ने महिलाओं को विधिक सहायता लेने, परामर्श प्राप्त करने तथा शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी।डॉ. ममता साहू ने कहा कि महिला आयोग महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के बीच महिलाओं से साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार के ऑनलाइन उत्पीड़न की तुरंत शिकायत करने की अपील की।

कोटेश्वर धाम जा रहे पूर्व सीएम भूपेश बघेल का कुरुद में भव्य स्वागत, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी से गूंजा भारतमाला रोड

हमाल व रेजा संघ ने भी जताया सम्मान

कुरुद/नवप्रदेश। धमतरी जिले के सुप्रसिद्ध कोटेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कुरुद में ऐतिहासिक और जोशीला स्वागत किया गया। भारत माला रोड पर जुटे सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय संघों ने ढोल-नगाड़ों की थाप, शानदार आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के साथ अपने नेता का आत्मीय अभिनंदन किया।

जन-जन के नेता हैं भूपेश बघेलः तारिणी चंद्राकर

स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि भूपेश बघेल ने हमेशा गरीबों, किसानों और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि आज न केवल कांग्रेसी कार्यकर्ता, बल्कि समाज का हर वर्ग स्वतः स्फूर्त होकर उनके स्वागत में खड़ा है।

फूलों की विशाल माला और पारंपरिक स्वागत

सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का हुजूम भारत माला रोड पर उमड़ पड़ा। भूपेश बघेल का काफिला पहुंचते ही समूचा क्षेत्र नारों से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने उन्हें विशाल पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विशेष रूप से पहुंचे हमाल संघ और रेजा संघ के श्रमिकों व पदाधिकारियों ने भी पारंपरिक अंदाज में पूर्व सीएम का अभिनंदन कर उनके प्रति अपनी एकजुटता दिखाई।

कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष महिम शुक्ला, रमेशर साहू, जानसिंह यादव, हितेन्द्र केला, आशीष शर्मा, मिलन साहू, पंकज जोशी, पुष्पेंद्र साहू, योगेश साहू, हेमराज चन्द्राकर, योगीराज, पोषन चंद्राकर, उत्तम साहू, डुमेश साहू, राजू साहू, टूकेश साहू, बिट्टू गौर, चंद्रप्रकाश देवांगन, चुम्मन दीवान और तुलसी साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वर्तमान सरकार से जनता त्रस्तः वरिष्ठ नेता

पूर्व विधायक लेखराम साहू, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी दीवान, भरत नाहर और तपन चन्द्राकर ने संयुक्त रूप से कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियों से समाज का हर तबका परेशान है और जनता बदलाव के इंतजार में कांग्रेस की ओर उम्मीद से देख रही है।

भूपेश बघेल का संदेशः एकजुट होकर लड़ें लड़ाई

कार्यकर्ताओं के अपार उत्साह और जनसैलाब को देखकर गदगद हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी से आपसी मतभेद व गुटबाजी को भुलाकर पूरी एकजुटता के साथ जनहित के मुद्दों पर खड़े रहने का आह्वान किया।

न्यूज गैलरी

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो खेत में पलटी चालक की मौत, साथी घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। सारंगढ़ मार्ग पर बोड़ेसरा नाला के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। मृतक की पहचान रायगढ़ जिले के मल्दा निवासी देवेंद्र साव (27) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो क्रमांक जेएच 02 बीवी 6028 में देवेंद्र साव अपने साथी अशोक कुमार के साथ 8 अगस्त को रायपुर से रायगढ़ की ओर जा रहा था। बोड़ेसरा नाला के पास तेज रफ्तार वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। दुर्घटना में देवेंद्र साव और अशोक कुमार को चोटें आई।

दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद देवेंद्र साव को 9 अगस्त की रात करीब 1:10 बजे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने इस मामले में धारा 281, 125(ए) एवं 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

धमधा में आज होगा हरेली उत्सव एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन

धमधा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली पर्व के अवसर पर वार्ड कांग्रेस कमेटी वार्ड क्रमांक 01, धमधा द्वारा 12 अगस्त 2026, बुधवार को हरेली उत्सव एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2 बजे से बाजार पारा, धमधा में होगा।आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। महिला वर्ग में कुर्सी दौड़, फुगड़ी, चम्मच दौड़, मटका फोड़ एवं रस्सी कूद जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं, जबकि पुरुष वर्ग में गेड़ी दौड़, स्लो साइकिल रेस, नारियल फेंक, मटका फोड़ एवं भौंरा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपना समान स्वयं साथ लाना होगा। प्रत्येक खेल में पहले पंजीयन कराने वाले 25 प्रतिभागियों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में राजीव गुप्ता, सुरेश धीमर एवं देवनाथ सोनकर सहित वार्ड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हरेली पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने की अपील की है।

पदोन्नति में टीईटी की अनिवार्यता पर संयुक्त शिक्षक संघ ने किया विरोध

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कार्यरत शिक्षकों के पदोन्नति में शिक्षक। पात्रता परीक्षा के अनिवार्यता करने पर सयुक्त शिक्षक संघ

ब्लॉक शाखा नगरी के अध्यक्ष पदुम लाल साहू ने विरोध किया है। सहायक शिक्षक से प्रधानपाठक शिक्षक से प्रधानपाठक पदोन्नति में टीईटी की अनिवार्यता को सरकार का तुगलकी फरमान माना है।संघ के ब्लॉक अध्यक्ष का कहना है कि समस्त शिक्षक नियुक्ति के समय जो भी योग्यता निर्धारित था,उस मापदंडों का पालन करके नौकरी में आए है।अभी कुछ शिक्षक पांच ,छः सालों में सेवानिवृत्त हो जायेंगे।अब शासन ये कहती है कि उसे टीचर एबिलिटी टेस्ट अर्थात् टीईटी की परीक्षा निकालना होगा।जो बिल्कुल न्याय संगत नहीं है।संघ के पूर्व अध्यक्ष लोमश प्रसाद साहू,सचिव खिंजन साहू, कोषाध्यक्ष लोचन साहू,नंदलाल कश्यप,देवकांत गजपाल,चमन साहू,दिलीप निषाद, जोहन नेताम के साथ समस्त शिक्षकों ने विरोध किया है।

छुरिया में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन रहा फीका

छुरिया/नवप्रदेश। स्मार्ट मीटर, खाद की समस्या, सड़क-पुलिया निर्माण और क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को छुरिया के नया बस स्टैंड परिसर में प्रदेश सरकार के खिलाफप्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव के निर्देश पर तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विपिन यादव, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू और पूर्व विधायक छन्नी साहू सहित कांग्रेस के नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

आमसभा में कांग्रेस नेताओं ने स्मार्ट बिजली मीटर से बढ़े बिजली बिल, खाद की समस्या, खराब सड़कों, सड़क-पुलिया निर्माण और विकास कार्यों को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। नेताओं ने सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठाते हुए इन मुद्दों पर कांग्रेस की ओर से संघर्ष जारी रखने की बात कही।

सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता नया बस स्टैंड की मुख्य सड़क पर बैठ गए और कुछ समय के लिए चक्काजाम किया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने अधिकारियों को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम से पहले कांग्रेस की ओर से इसे ÷जंगी प्रदर्शन÷ बताते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों की उपस्थिति का आह्वान किया गया था।

अंचल में सुबह से पहले ही शुरू हो जाती है रेत की ढुलाई, सूखा नदी समेत कई घाटों पर उत्खनन की शिकायत

सावन में भी नहीं थमा रेत का अवैध कारोबार, नदी में उतरे दर्जनों ट्रैक्टर

छुरा/नवप्रदेश। बारिश के मौसम में नदी-नालों में जलभराव के बीच छुरा अंचल में रेत उत्खनन और परिवहन का मामला सामने आया है। सूखा नदी समेत आसपास के कई नदी घाटों पर सुबह होने से पहले ही ट्रैक्टरों के पहुंचने और रेत भरकर परिवहन किए जाने की शिकायत स्थानीय लोगों ने की है। मौके से सामने आई तस्वीरों में नदी के रेत क्षेत्र में बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और रेत भरते मजदूर दिखाई दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह करीब पांच बजे से पहले ही नदी घाटों पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाती है। इसके बाद रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अलग-अलग ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों की ओर रवाना होती हैं। सूखा नदी, एनीकट क्षेत्र, हरदी, बोड़राबांधा, रानीपरतेवा, मुड़ागांव और रक्सी सहित आसपास के क्षेत्रों में रेत उत्खनन की गतिविधियां होने की बात कही जा रही है।

निगरानी पर उठ रहे सवाल

नदी क्षेत्र में इतनी संख्या में वाहनों की मौजूदगी के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से राजस्व और खनिज विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नियमित रूप से घाटों का निरीक्षण किया जाए तो रेत उत्खनन और परिवहन की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि यदि संबंधित घाट पर उत्खनन की अनुमति नहीं है तो नदी के भीतर तक इतने वाहन कैसे पहुंच रहे हैं? वहीं यदि अनुमति है तो उसकी निर्धारित मात्रा और परिवहन व्यवस्था की जांच क्यों नहीं की जा रही?

तस्वीरों में नदी के भीतर ट्रैक्टर

मौके से प्राप्त तस्वीरों में नदी के रेत क्षेत्र में एक साथ कई ट्रैक्टर खड़े दिखाई दे रहे हैं। कुछ ट्रॉलियों में रेत भरी जा रही है, जबकि मजदूर भी रेत उठाते नजर आ रहे हैं। इससे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रेत उठाने की गतिविधि होने का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि संबंधित घाट पर उत्खनन वैध है अथवा नहीं, यह संबंधित विभाग के रिकॉर्ड, अनुमति और अभिवहन दस्तावेजों की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

कार्रवाई की भनक लगते ही गतिविधियां बंद होने का दावा*

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि विभागीय अमले की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही कुछ समय के लिए रेत परिवहन बंद कर दिया जाता है। हालांकि इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। यदि ऐसा हो रहा है तो यह भी जांच का विषय है कि कार्रवाई की सूचना संबंधित लोगों तक कैसे पहुंचती है।

नदी और सड़कों दोनों पर असर

अनियंत्रित रेत उत्खनन से नदी के प्राकृतिक स्वरूप और तटों पर असर पड़ने की आशंका है। वहीं रेत से लदे ट्रैक्टरों की आवाजाही से ग्रामीण सड़कों पर धूल उड़ने और राहगीरों को परेशानी होने की शिकायत भी सामने आ रही है। धूल के कारण वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ने की आशंका बनी रहती है।

जांच से साफहोगी तस्वीर

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, एसडीएम, तहसीलदार और खनिज विभाग से संबंधित नदी घाटों का निरीक्षण कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि मौके पर पहुंचकर वाहनों के ई-टीपी, अभिवहन पास, रेत के स्रोत और उत्खनन की अनुमति की जांच की जाए। यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाए।

तीन साल से फाइलों में स्कूल भवन, खपरैल के नीचे पढ़ने को मजबूर नौनिहाल

नगरी/नवप्रदेश। शिक्षा व्यवस्था को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से गांव-गांव में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, लेकिन नगरी विकासखंड के वनांचल क्षेत्र स्थित सातबाहना गांव की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े करती है। यहां प्राथमिक शाला के बच्चों के सिर पर अपनी स्कूल की छत तक नहीं है। करीब तीन वर्ष पहले जर्जर स्कूल भवन को डिस्मेंटल घोषित किए जाने के बाद नए भवन की उम्मीद जगी थी, लेकिन तीन साल बीतने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। नतीजतन पांच कक्षाओं के बच्चों की पढ़ाई कभी सामुदायिक भवन तो कभी ग्रामीण के बरामदे और खपरैल मकान में संचालित हो रही है।

मामला ग्राम पंचायत भड़सिवना के आश्रित ग्राम सातबाहना का है। पुराना स्कूल भवन जर्जर होने के कारण करीब तीन वर्ष पहले अनुपयोगी घोषित किया गया था। इसके बाद बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक भवन में वैकल्पिक व्यवस्था की गई। लेकिन गांव में सामाजिक कार्यक्रम, ग्रामसभा या अन्य आयोजन होने पर सामुदायिक भवन उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में शिक्षकों को ग्रामीणों के घर के बरामदे अथवा खपरैल मकान में कक्षाएं संचालित करनी पड़ती हैं। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोहन यादव ने बताया कि स्कूल भवन के लिए पिछले तीन वर्षों से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर आवेदन दिए गए हैं तथा विधायक, कलेक्टर एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से भी संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया है।

नशा उन्मूलन पर स्वामी आत्मानंद स्कूल में पुलिस का जागरूकता अभियान

■ साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों पर भी डाला प्रकाश

देवभोग/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देश और मार्गदर्शन पर नशा उन्मूलन मामले पर गरियाबंद पुलिस लगातार अभियान चला रही है पर नशाखोरी थमता नहीं दिख रहा है गत सोमवार को जिला के मैनपुर पुलिस ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में नशा उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया इस अभियान के तहत स्कूली बच्चों और शिक्षकों को नशा से दूरी बनाने,साईबर सुरक्षा के साथ साथ यातायात नियमों के बारे विस्तार से बताया। एसडीओ पी गोपाल वैश्य के अगुवाई में चलायें गये इस जागरूकता अभियान के जरिये अन्य जरूरत मामलों के लिये पुलिस मदद हेतु जारी टोल फ्री नम्बर 1930 को भी नोट करवाया अभियान में मैनपुर थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मी भी उपस्थित थे।

नशाखोरी में छग दूसरे स्थान पर नशे में होते हैं दुर्घटनायें व अपराध पुलिस की बढी चिंता : राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण और एम्स की रिपोर्ट के अनुसार नशीली पदार्थो के खपत मामले में छग शीर्ष राज्यों में शामिल हैं वहीं शराब सेवन के मामले पर बड़े राज्यों की तुलना में छग दूसरे स्थान पर है,दुर्घटनायें व अपराध मामले पर पुलिस रिकार्ड के अनुसार ज्यादातर नशा ही जिम्मेदार होता है बढ़ते नशाखोरी पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। राष्ट्रीय औसत की मानें तो छग में पुरूषों की नशाखोरी अन्य राज्यों की तुलना में दुगुने से अधिक है।

फ्राड, धोखाधड़ी, फर्जी काल व आनलाइन गेमिंग के खतरे पर सतर्क रहने की हिदायत दीः मैनपुर पुलिस द्वारा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में आयोजित नशा उन्मूलन और जागरूकता अभियान में एसडीओ पी गोपाल वैश्य और थाना प्रभारी ने सोशल मिडिया ठगी, आनलाइन गेमिंग के खतरे, फर्जी काल,पैसे की ठगी पर सतर्क रहने की हिदायत दी है वहीं ऐसे मामलों में पुलिस की मदद लेने की अपील की है।

सचिव सहित 11 पटवारियों एवं 16 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को नोटिस जारी करने निर्देश

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने 3 से 12 माह तक लंबित राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं तेजी के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान सम्पर्क केन्द्र के माध्यम से ली गई जानकारी के आधार पर अपने निर्धारित मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले 2 ग्राम पंचायत सचिव,11 पटवारियों एवं 16 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसासर कार्यालय में अधिकारी -कर्मचारी समय पर उपलब्ध रहे ताकि लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके।उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारी -कर्मचारियों पर पर प्रशासन द्वारा सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर शर्मा ने जिले के कई सड़कों के जर्जर स्थिति की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरम्मत के लिये स्वीकृत सड़कों का निर्माण बरसात के बाद नये सिरे से शुरु करें लेकिन वर्तमान में सुचारु आवागमन के लिये जरुरी पैच रिपेयर का कार्य निरंतर जारी रखा जाए।

उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर से सड़क निर्माण कार्य विधिवत प्रारम्भ करने के लिये सभी आवश्यक तैयारी अभी से शुरू कर दें।उन्होंने कई नगरीय निकायों में बारिश में जल भराव को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नालियों की उचित सफाई कराएं और जल भराव की स्थिति पर पम्प आदि की व्यवस्था शीघ्र हो जाना चाहिए। 15 अगस्त की तैयारियां की समीक्षा करते हुए तय समय पर कार्यालयों में ध्वजारोहण सहित अन्य कार्यक्रम बेहतर ढंग से सम्पादित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सुघर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 31 हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने पहले हर विकासखंड में दो -दो ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर संतृप्तिकरण अभियान चलाने कहा।

अघोरी नृत्य, ढोल-ताशा, डमरू वादन और आकर्षक झांकियां रहेंगी विशेष आकर्षण 7 नगर में जगह-जगह होगा स्वागत

आज निकलेगी बाबा चंद्रमोलेश्वर महादेव की भव्य पालकी यात्रा

डोंगरगांव/नवप्रदेश। पवित्र सावन-भाद्रपद मास के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार भगवान चंद्रमोलेश्वर महादेव (बाबा महाकाल) की भव्य एवं अलौकिक पालकी यात्रा आज 12 अगस्त को डोंगरगांव नगर में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी। महाकाल सेना एवं समस्त धर्मप्रेमी जनता के तत्वावधान में आयोजित इस विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

पालकी यात्रा में सिंघोला महाकाल मंदिर के प्रमुख पवन डागा तथा महाकाल सेना के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के राज्य मंत्री नीलू शर्मा का विशेष सानिध्य एवं मार्गदर्शन रहेगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

अघोरी नृत्य और भस्म आरती रहेगा आकर्षण का केंद्र

आयोजन समिति एवं महाकाल सेना के पदाधिकारियों के अनुसार बाबा चंद्रमोलेश्वर की पालकी यात्रा इस वर्ष भी भव्य स्वरूप में निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान उज्जैन एवं काशी की तर्ज पर पारंपरिक ढोल-ताशा और डमरू वादन किया जाएगा। भोलेनाथ की भक्ति में कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

इसके अलावा विशेष रूप से आमंत्रित कलाकारों द्वारा अघोरी नृत्य एवं शिव आराधना की प्रस्तुति दी जाएगी। भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों पर आधारित तांडव रूप, अर्द्धनारीश्वर रूप एवं चंद्रमोलेश्वर स्वरूप की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

नगर में जगह-जगह होगा भव्य स्वागत : पालकी यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा तोरण द्वार बनाकर पुष्पवर्षा एवं भव्य स्वागत किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शीतल जल एवं महाप्रसाद की व्यवस्था भी की जाएगी। आयोजन को लेकर नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

दोपहर 1 बजे किल्लापारा से निकलेगी पालकी : भगवान चंद्रमोलेश्वर महादेव की पालकी यात्रा दोपहर 1 बजे हनुमान मंदिर परिसर, किल्लापारा से विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं महाआरती के बाद प्रारंभ होगी।

पालकी यात्रा सदर लाइन, मुख्य बाजार, शिव मंदिर हांडी पसरा, फव्वारा चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों एवं चौक-चौराहों से होकर आगे बढ़ेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

तिरंगा बाइक रैली निकाल शहीद महेन्द्र ध्रुव को दी श्रद्धांजलि

छुरा/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत भाजपा मंडल छुरा के आह्वान पर मंगलवार को नगर में भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। गांधी चौक से शुरू हुई बाइक रैली में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर शामिल हुए। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा। बाइक रैली गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कोसमबुड़ा स्थित शहीद चौक पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने वीर शहीद महेन्द्र ध्रुव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद की शहादत को नमन करते हुए उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रध्वज के सम्मान का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश साहू, पारस ठाकुर, खोमन चन्द्रकार , जिला पंचायत सदस्य लेखूध्रुवा एवं रामलाल कुलदीप ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और जनसमुदाय को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है।

संक्षिप्त खबरें

कुरुद में वृहत वृक्षारोपण आज

कुरूद/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छ.ग. शासन के तत्वावधान में वन महोत्सव 2026 वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम ...बुधवार समय एंव स्थान - दोपहर 12:00 बजे, इर्रा जनपद पंचायत कुरूद में मुख्य अतिथि चंद्राकर जी विधायक कुरूद एवं पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन के करकमलों द्वारा सम्पन्न होगा द्यवन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वनमण्डल धमतरी।

जनदर्शन में पहुंची दृष्टिबाधित प्रियंका को कलेक्टर ने दिया स्मार्ट फोन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान जब दृष्टबाधित बालिका प्रियंका अपनी समस्या लेकर पहुंची, तो कलेक्टर ने उसकी बात आत्मीयता से सुन, उसकी संगीत के प्रति रुचि को देखते हुए तत्काल उसे एक आधुनिक स्मार्ट फोन प्रदान किया। इस दौरान प्रियंका ने अपनी सुरीली आवाज में देशभक्ति गीत भी सुनाई। कलेक्टर ने प्रियंका के.मधुर आवाज की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य और सुरों की दुनिया में जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं भी दीं। ग्राम कटगी निवासी प्रियंका बघेल बचपन से ही दृष्टिबाधित हैं। उन्होंने बताया कि बागबाहरा स्थित दृष्टिबाधित बच्चों के विद्यालय से हाई स्कूल तक की पढ़ाई पूरी की है। आगे की पढ़ाई के लिये इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से संगीत विषय में ग्रेजुएशन करना चाहती है और एडमिशन भी लिया है। आगे की पढ़ाई और ऑनलाइन संगीत कक्षाओं के लिए मोबाइल फोन की आवश्यकता थी। इसी जरूरत को लेकर प्रियंका ने करीब एक सप्ताह पहले कलेक्टर के जनदर्शन में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई थी।

मिनीमाता की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद, समाज सुधारक एवं जनसेवा की प्रतीक ममतामयी मिनीमाता जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम हेमू कालानी वार्ड,खोखली रोड जैतखंभ के पास आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा मिनीमाता जी ने अपना संपूर्ण जीवन शोषित, वंचित और जरूरतमंद वर्गों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने में समर्पित किया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशील शर्मा पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर चक्रधारी नरेंद्र यदु बिमलेश्वरी ध्रुव लक्ष्मी पांडे नानू सोनी सीरीज जांगड़े प्रमिला साहू ओमप्रकाश यदु अय्यूब बांठिया शेषनारायण यदु मोहन निषाद धनंजय कुर्रे गिरीश पारप्यानी विक्रम लिलवानी शादाब जलियांवाला कुंजू साहू चेतन दास मानिकपुरी सीता साहू सकीना दिव्य गिरिराज चावड़ा सहित सभी कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट ने सिविल अस्पताल में किया फल वितरण

भाटापारा/नवप्रदेश। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड, भाटापारा द्वारा सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता देते हुए सिविल अस्पताल भाटापारा में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। यह जनहितकारी कार्यक्रम रेड क्रॉस, एनएसएस (हस्स्) एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के विद्यार्थियों ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों का हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए फल प्रदान किए। इस अवसर पर कार्यक्रम का कुशल नेतृत्व और संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. पूर्णिमा कौशिक एवं प्रविन बिश्वास द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के बी.एससी. 5 वे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहयोगी के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

विद्युत अभियंता ने किया स्थानीय संभागीय कार्यालय का निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। विद्युत विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ग्रामीण क्षेत्र रायपुर के एस भारती ने उप संभाग भाटापारा कार्यालय का निरीक्षण किया ।इस दौरान दौरान उप संभाग भाटापारा भाटापारा जोन के स्टाफके सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के उपरांत श्री भारती ने स्थानीय विद्युत अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बैठक कर विद्युत सुरक्षा के संबंध में विस्तार से चर्चा की और सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने कड़ाई से करने का निर्देश दिया। वही बैठक मे होने वाली विद्युत दुर्घटना एवम दुर्घटना से बचाव के उपाय पर विस्तार से चर्चा कर सुरक्षा संबंधी ड्रिल करने के उपरांत सुरक्षा शपथ लिया गया.।इस अवसर पर क भाटापारा संभाग से व्ही के राठिया कार्यपालन अभियंता, वासुदेव साहू सहायक अभियंता भाटापारा जोन, अवेल्सन खेस सहायक अभियंता उप संभाग भाटापारा,मुकेश देवांगन कनिष्ठ अभियंता भाटापारा ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में लाइन कर्मचारी उपस्थित रहे।

बेटियों को मिली नई उड़ान, ग्रामीण बालिकाओं-महिलाओं को 10वीं ओपन परीक्षा का अवसर

एग्रोक्रेट्स सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट की पहल से 29 गांवों की बेटियां फिर थाम रहीं शिक्षा की डोर

गरियाबंद/नवप्रदेश। ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ चुकी बेटियों और महिलाओं के लिए एग्रोक्रेट्स सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट ने शिक्षा की नई उम्मीद जगाई है। एजुकेट गर्ल्स के सहयोग से संचालित इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से गरियाबंद एवं छुरा विकासखंड के 29 गांवों की किशोरियों एवं महिलाओं को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य केवल परीक्षा दिलाना नहीं, बल्कि उन बेटियों के अधूरे शैक्षणिक सपनों को फिर से पंख देना है, जिन्हें कभी परिस्थितियों ने स्कूल की चौखट से दूर कर दिया था। संस्था द्वारा 14 से 29 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं को खुली विद्यालय प्रणाली के माध्यम से कक्षा 10वीं की परीक्षा की तैयारी एवं परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जा रहा है। इसके लिए गांवों के सामुदायिक भवनों में नियमित अध्ययन कक्षाएं, शैक्षणिक मार्गदर्शन, व्यक्तिगत परामर्श एवं परीक्षा संबंधी सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। आज जो बेटियां कभी किताबों से दूर हो गई थीं, वे फिर से कॉपी-किताब लेकर पढ़ाई कर रही हैं और 10वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटी हैं। यह बदलाव केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ उनके भीतर आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भर बनने की भावना भी मजबूत हो रही है।

शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम : संस्था का मानना है कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र की बेटियों के लिए शिक्षा उनके भविष्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ उन्हें अपने अधिकारों प्रति जागरूक बनाने का माध्यम भी है।

गांव की चौखट से बोर्ड परीक्षा तक पहुंच रहीं बेटियां

वनांचल क्षेत्र की अनेक बेटियां आर्थिक तंगी, पारिवारिक जिम्मेदारियों, सामाजिक परिस्थितियों एवं जागरूकता के अभाव के कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पातीं। ऐसी बेटियों के लिए यह पहल उम्मीद की एक नई किरण बनकर सामने आई है।

पहल को सफल बनाने में टीम की महत्वपूर्ण भूमिका

इस पूरी पहल में एग्रोक्रेट्स सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट की टीम द्वारा निरंतर मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में एजुकेट गर्ल्स परियोजना के सहयोगी प्रदीप कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रबंधक नेहा वर्मा एवं कार्यक्रम समन्वयक कविता साहू की महत्वपूर्ण भूमिका है।

बेटी पढ़ेगी, तभी बदलेगा गांव का भविष्य

वनांचल की इन बेटियों के हाथों में किताबें और आंखों में भविष्य के सपने इस पहल की सबसे बड़ी सफलता हैं। कभी परिस्थितियों के कारण छूटी पढ़ाई को दोबारा शुरू कर 10वीं बोर्ड परीक्षा तक पहुंचना, इन बेटियों के लिए महज एक परीक्षा नहीं, बल्कि अपने जीवन को नई दिशा देने का सुनहरा अवसर है।

छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा वार–महिला जनप्रतिनिधियों के रिश्तेदारों को प्रतिनिधि बनाने पर रोक, निकायों में 'प्रॉक्सी पॉलिटिक्स' पर लगेगा ब्रेक

अब 'पति-पुत्र' नहीं चलाएंगे महिला पार्षदों की कुर्सी!

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगरीय निकायों में महिला आरक्षण के नाम पर निर्वाचित पद पर किसी और के प्रभाव और हस्तक्षेप की व्यवस्था पर छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़ा अंकुश लगा दिया है। सरकार ने महिला जनप्रतिनिधियों के पति, पुत्र, पुत्री, भाई, बहन सहित करीबी रिश्तेदारों को उनका प्रतिनिधि या समन्वयक बनाए जाने पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले को नगरीय राजनीति में लंबे समय से चर्चा में रही 'प्रॉक्सी पॉलिटिक्स' पर सीधा प्रहार माना जा रहा है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 और छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 के तहत प्रतिनिधि नामांकन से जुड़े नियमों में संशोधन करते हुए अधिसूचना जारी की है।

सरकार के नए संशोधन के बाद ऐसी स्थिति में निर्वाचित महिला प्रतिनिधि को स्वयं अपनी संवैधानिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभानी होंगी। निकाय की बैठकों, निर्णय प्रक्रिया और आधिकारिक कार्यों में उनके स्थान पर परिवार के सदस्य प्रतिनिधि की भूमिका नहीं निभा सकेंगे।

निकायों की राजनीति में पड़ेगा सीधा असर

सरकार के इस फैसले का असर नगर पालिका और नगर निगम की स्थानीय राजनीति में देखने को मिल सकता है। खासकर उन मामलों में, जहां महिला जनप्रतिनिधि के निर्वाचित होने के बावजूद सार्वजनिक रूप से सक्रिय भूमिका उनके पति अथवा अन्य परिजन निभाते रहे हैं।

अब पद महिला का है तो प्रतिनिधित्व भी महिला का ही होगा। सरकार के इस कदम से महिला जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही सीधे जनता के प्रति तय होने और उनके स्वतंत्र राजनीतिक नेतृत्व को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

स्थानीय निकायों में अब 'प्रतिनिधि कौन?' पर भी रहेगी नजर

इस संशोधन के बाद नगरीय निकायों में महिला जनप्रतिनिधियों के नाम पर काम करने वाले रिश्तेदारों की भूमिका पर भी सवाल उठेंगे। अब यदि निर्वाचित महिला की जगह उसका पति या कोई करीबी रिश्तेदार आधिकारिक प्रतिनिधि बनने की कोशिश करता है, तो नए नियमों के तहत उस पर रोक लगाई जा सकेगी।

कुल मिलाकर सरकार का संदेश स्पष्ट है–महिला के नाम पर मिला जनप्रतिनिधि का पद, अब परिवार के किसी दूसरे सदस्य की राजनीतिक कुर्सी नहीं बनेगा।

महिला के नाम पर अब पति या रिश्तेदार नहीं संभाल सकेंगे जिम्मेदारी

नए प्रावधान के मुताबिक किसी नगरीय निकाय में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि के पति, पुत्र, पुत्री, भाई, बहन अथवा किसी अन्य निकट पारिवारिक सदस्य या नातेदार को उनके प्रतिनिधि अथवा समन्वयक के रूप में नामनिर्देशित या नियुक्त नहीं किया जा सकेगा। यानी महिला के नाम पर निर्वाचित पद और उसके अधिकारों का संचालन किसी रिश्तेदार के जरिए करने की व्यवस्था पर सरकार ने स्पष्ट रोक लगा दी है।

आरक्षण महिला के लिए, फैसला कोई और ले–अब नहीं चलेगा

नगरीय निकायों में महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के पीछे उद्देश्य उन्हें नेतृत्व की मुख्यधारा में लाना है। लेकिन कई जगहों पर निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि की जगह पति या परिवार के अन्य सदस्यों के सक्रिय रहने को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

कानून की धाराओं के तहत बदला नियम

यह संशोधन छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 433 सहपठित धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (ड.) तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 355 सहपठित धारा 19 की उपधारा (1) के खंड (ड.) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए किया गया है।

सरकार के इस फैसले ने नगरीय राजनीति में साफसंदेश दिया है कि महिला आरक्षण केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि निर्वाचित महिला प्रतिनिधि को अपनी जिम्मेदारी और अधिकारों का वास्तविक इस्तेमाल भी करना होगा।

नशा मुक्त युवा अभियान के तहत विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रेरणा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, गरियाबंद में राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स्) के तत्वावधान में ÷नशा मुक्त युवा अभियान÷ के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम का मंच संचालन गौरव साहू ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य यू.के. साहू, एचओडी राहुल राठौर सहित शिक्षकगण तृप्त कुमार पांडेय, प्राची जागने, कृष्णा सिंह राजपूत एवं लक्ष्मीकांत साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य यू.के. साहू ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति एक गंभीर सामाजिक चुनौती है। उन्होंने कहा कि युवाशक्ति नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने और स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि फार्मासिस्ट के रूप में उनकी जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि औषधियों के सुरक्षित एवं तर्कसंगत उपयोग में फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विशेष रूप से नारकोटिक एवं हत्र्क्ष श्रेणी की दवाओं के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि ऐसी दवाओं का वितरण निर्धारित नियमों एवं वैध प्रिस्क्रिप्शन के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज में भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाएं।इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, नशे का सेवन न करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई गई।

जतमई धाम में 'चेन गैंग' का दुस्साहस!

श्रद्धालु महिला के गले से 3 लाख की सोने की चैन झटकी

■ कैमरों ने खोला राज; काली कार से नागपुर की 7 संदिग्ध महिलाएं पकड़ाई

छुरा/नवप्रदेश। धार्मिक आस्था के केंद्र जतमई धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच चेन स्नेचिंग की वारदात ने सनसनी फैला दी। दर्शन के लिए पहुंची 55 वर्षीय महिला के गले से करीब 3 लाख रुपये कीमत की सोने की चेन दिनदहाड़े पार कर दी गई। वारदात इतनी सफाई से की गई कि महिला को कुछ देर तक इसका पता ही नहीं चला। शिकायत मिलते ही हरकत में आई छुरा पुलिस ने जतमई धाम से लेकर संभावित भागने वाले रास्तों तक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज से मिले सुराग ने पुलिस को एक काली कार तक पहुंचाया।

भीड़ में घिरी महिला और पलक झपकते गायब चेन : पुलिस के अनुसार ग्राम फरफौद, थाना आरंग, जिला रायपुर निवासी नेमिन चंद्राकर पति स्व. मुन्ना चंद्राकर (55 वर्ष) 9 अगस्त को जतमई धाम पहुंची थीं। दोपहर करीब 2 बजे दर्शन के दौरान अज्ञात लोगों ने उनके गले से करीब दो तोला वजन की सोने की चेन निकाल ली। जब महिला को चेन गायब होने का अहसास हुआ, तब तक संदिग्ध मौके से निकल चुके थे। चेन की कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई गई है। पीड़िता की शिकायत पर छुरा पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी।

जतमई के कैमरों ने बदल दी जांच की दिशा

घटना के बाद पुलिस ने जतमई धाम परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली। फुटेज में संदिग्ध गतिविधियां नजर आने के बाद पुलिस ने वाहन और संभावित मार्ग की पहचान की।

इसके बाद पुलिस ने संभावित रास्तों पर चेकिंग प्वाइंट सक्रिय किए। इसी दौरान काले रंग की कार क्रमांक रू॥ 49 ष्टस्- 2471 पुलिस के हत्थे चढ़ गई। कार को रोककर उसमें सवार लोगों से पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान सोने की चेन जैसी वस्तु मिलने के बाद पुलिस ने वाहन सवार सात संदिग्धों को हिरासत में लिया।

नागपुर से छत्तीसगढ़ तक पहुंचा संदिग्धों का कनेक्शन

पुलिस कार्रवाई में रौनक पानतावणे (30), सीमा पात्रे (40), विध्या उफाडे (30), मुस्कान पात्रे (26), मीना खडसे (35), नंदिनी पाथरे (30) और छाया उफाडे (50) को पकड़ा गया है।

आरएसएस के विरोध के कारण आदिवासी मुख्यमंत्री अपने समाज का उत्सव नहीं मना पा रहे : जनक ध्रुव

गरियाबंद/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस को लेकर कांग्रेस ने भाजपा और आरएसएस पर आदिवासी समाज की अस्मिता और संस्कृति के विरोध का आरोप लगाया है। बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने स्थानीय रेस्ट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा आदिवासी विरोधी है। 9 अगस्त को पूरी दुनिया में आदिवासी समाज ने विश्व आदिवासी दिवस मनाया, लेकिन भाजपा के किसी नेता, यहां तक कि आदिवासी नेताओं, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री की ओर से भी आदिवासी समाज के लिए बधाई संदेश नहीं आया।पत्रकार वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा,रमेश शर्मा छगन यादव और नीरज ठाकुर,पवन सोनकर सुनील तिवारी,रमेश वर्मा सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि वर्ष 2023 के पहले भाजपा के नेता भी विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते थे,लेकिन सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकार द्वारा शासकीय स्तर पर विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस आदिवासियों की संस्कृति और अस्मिता को नष्ट कर उन्हें 'वनवासी' की पहचान देने पर तुली हुई है। इसी कारण विश्व आदिवासी दिवस का विरोध किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति और सभ्यता को दुनिया के सामने रखने का अवसर है। आदिवासी संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन और मौलिक संस्कृतियों में से एक है। जिस छत्तीसगढ़ में करीब 32 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज की है और जहां प्राचीन आदिवासी सभ्यताओं की समृद्ध परंपरा मौजूद है, वहां सरकार द्वारा विश्व आदिवासी दिवस को शासकीय स्तर पर नहीं मनाना आदिवासी समाज का अपमान है।

जनक ध्रुव ने कहा कि आरएसएस आदिवासी संस्कृति को स्वतंत्र सभ्यता के रूप में स्वीकार करने का विरोध करती है।आदिवासी समाज को आज भी पिछलग्गू बनाकर रखने की मानसिकता दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने एक आदिवासी को मुख्यमंत्री तो बना दिया, लेकिन उन्हें अपने ही आदिवासी भाई-बहनों के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाने से भी रोक रही है।

गतका खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

■ स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों पर जमाया कब्जा, विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

महासमुंद/नवप्रदेश। रायपुर में आयोजित राज्यस्तरीय गतका प्रतियोगिता में महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अंडर-14 बालिका वर्ग में दो स्वर्ण पदक : अंडर-14 बालिका वर्ग की सिंगल सूटी टीम में वर्षा यदु, पूजा साहू और लालिमा यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग की फ्री सूटी टीम में एश्वर्या साहू, सृष्टि ध्रुव और राधिका निषाद ने भी स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं सिंगल सूटी में वैभवी साहू ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

अंडर-17 बालक वर्ग में रजत पदक : अंडर-17 बालक वर्ग की सिंगल सूटी टीम में कामेश्वर साहू, धनराज यादव और हर्ष कुमार सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

पदोन्नति रोकने का प्रयास अनुचित, वर्तमान प्रचलित भर्ती व पदोन्नति नियम में टेट की बाध्यता नहीं- एसोसिएशन

■ 2028 तक टेट उत्तीर्ण करने की छूट के बावजूद पदोन्नति से दरकिनार करना न्यायिक बाधाओं को देगा जन्म

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर ने शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में आयोजित विशेष बैठक के निर्णयों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया में टेट (ञ्जश्वञ्ज) की अनिवार्यता को नियम विरुद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत सहायक शिक्षक और मिडिल स्कूलों के शिक्षक इस उम्मीद में थे कि विभाग उनकी रुकी हुई पदोन्नति को पूर्ण करने के लिए विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (ञ्जश्वञ्ज) आयोजित करने का ठोस निर्णय लेगा, लेकिन इसके विपरीत टेट की आड़ में पदोन्नति में नई बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं। नियमों में परस्पर विरोध- वर्तमान में प्रभावी शिक्षक भर्ती एवं पदोन्नति नियम में पदोन्नति के लिए टेट (ञ्जश्वञ्ज) की कोई अनिवार्यता नहीं है। विभाग की बैठक में इसे अनिवार्य बताना और भर्ती नियमों से इतर निर्देश जारी करना परस्पर विरोधी और शिक्षकों के साथ अन्याय है।

2028 तक का समय सीमा प्रावधान- शिक्षकों को टेट (ञ्जश्वञ्ज) उत्तीर्ण करने के लिए वर्ष 2028 तक की समय सीमा दी गई है, ऐसे में 2028 से पूर्व होने वाली पदोन्नति प्रक्रिया में टेट के नाम पर वरिष्ठ शिक्षकों को दरकिनार करना पूरी तरह अनुचित है, जिससे भविष्य में गंभीर न्यायिक जटिलताएं और कोर्ट केस की स्थिति बनेगी। वरिष्ठता के आधार पर तत्काल हो पदोन्नति- एसोसिएशन मांग करता है कि वर्तमान में सेवा-वरिष्ठता सूची के आधार पर शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया तुरंत पूरी की जावे और उन्हें वर्ष 2028 तक टेट उत्तीर्ण करने का समय व निर्देश दिया जावे।

नवप्रवेशित विद्यार्थियों के इंडक्शन कार्यक्रम में हुआ आत्मीय स्वागत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में स्नातक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं आत्मीय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार की ओर से तिलक लगाकर, आरती उतारकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उनकी नई शैक्षणिक यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन देते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयीन जीवन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, ज्ञान एवं कौशल के विकास का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, समय-प्रबंधन तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष जीना निषाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश उनके जीवन की एक नई एवं महत्वपूर्ण शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व, संस्कार एवं कौशल के विकास पर भी ध्यान दें।

सुविचार

बहुत ही मुश्किल होता है किसी ऐसे शख्स को गिराना जिसे चलना ही ठोकरों ने सिखाया हो। - अज्ञात

छात्रों की गुहार सुने सोरेन सरकार

नीट पेपर लीक मामले को लेकर नई दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को लेकर जो गलती केन्द्र सरकार ने की थी उसी गलती को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी दोहरा दिया है। जिस तरह नई दिल्ली में 13 दिनों के आंदोलन के बाद प्रदर्शनकारी छात्रों ने अपना आपा खोया था और संसद को घेरने निकल पड़े थे। नतीजतन उनके लिए लाठीचार्ज करना पड़ा था। रांची में भी वही हुआ। 17 दिनों तक वहां छात्र धरना प्रदर्शन करते रहे लेकिन उनकी मांगो पर झारखंड सरकार ने ध्यान नहीं दिया। फलस्वरूप वहां भी छात्रों ने विधानसभा का घेराव करने का फैसला किया और उनपर भी पुलिस की लाठियां बरसी। यह ठीक है कि किसी भी संगठन को प्रदर्शन के नाम पर संसद या विधानसभा जैसे प्रतिबंधित क्षेत्रों में घुसने की अनुमति नहीं दी जाती और जो ऐसा करने की कोशिश करते हैं उनके खिलाफ पुलिस बल प्रयोग करती ही है। यदि जिस तरह नई दिल्ली में छात्रों के उग्र प्रदर्शन के बाद केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान का इस्तीफा हुआ था उससे सबक लेकर झारखंड सरकार यदि पहले ही छात्रों की गुहार सुन लेती तो वहां भी विधानसभा घेराव और छात्रों पर लाठीचार्ज की नौबत नहीं आती। हेमन्त सोरेन सरकार को चाहिए कि वह अब भी स्थिति को संभालने के लिए छात्रों की गुहार को सुने। वहां के छात्र किसी मंत्री का इस्तीफा तो नहीं मांग रहे हैं। वे बस इतना चाहते हैं कि झारखंड लोकसेवा आयोग तथा झारखंड राज्य कर्मचारी आयोग द्वारा अयोजित परिक्षाओं में जो गंभीर अनियमितताएं बरती गई हैं उसकी सीबीआई से जांच कराई जाये किन्तु सोरेन सरकार इसके लिए तैयार नहीं है। उसने मामले की सीआईडी जांच के आदेश दिये हैं लेकिन छात्रों को राज्य सरकार के अधिन रहने वाली सीआईडी की जांच पर भरोसा नहीं है। यही वजह है कि वे आंदोलित हैं। लाठीचार्ज की घटना के बाद भी छात्रों ने अपना आंदोलन जारी रखा है अब इस मामले में भाजपा भी छात्रों के समर्थन में उतर गई है। भाजपा ने छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ एक द्विवसीय झारखंड बंद भी अयोजित किया। ईधर संसद में भी एनडीए के घटक दलों ने झारखंड में छात्रों के खिलाफ पुलिस की बर्बर कार्यवाही को लेकर संसद परिसर में नारेबाजी की। एनडीए के सांसदो ने राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोला। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना को लेकर राहुल गांधी लगातार संसद की कार्यवाही बाधित करवा रहे हैं लेकिन रांची के छात्रों पर जो लीठीचार्ज हुआ है उसकी वे सिर्फ एक लाइन में निंनदा करके अपने कत्वर्य की इतिश्री कर रहे हैं। अब तो सरकार राहुल गांधी के हर आरोपों का जवाब देने के लिए तैयार है लेकिन वे खुद चर्चा से भाग रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली में हुए लाठीचार्ज और झारखंड में हुए लाठीचार्ज को लेकर भी संसद में बयान देंगे। लेकिन यह बयान विपक्ष से सुना नहीं जाएगा क्योंकि झारखंड में उनकी सरकार है। कुल मिलाकर झारखंड सरकार ने छात्रों पर लाठीचार्ज करा के इंडी गठबंधन को बैकफूट पर ला दिया है और भाजपा को आक्रामक होने का मौका दे दिया है। इसके पहले कि पानी सिर से ऊंचा हो जाये झारखंड सरकार को आंदोलित छात्रों से चर्चा करके समस्या का समाधान करना चाहिए।

क्या आरक्षण अब अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है?

यजुवेंद्र सिंह
अधिवक्ता

आरक्षण का उद्देश्य समाज के उन वर्गों को अवसर प्रदान करना था, जो ऐतिहासिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से लंबे समय तक वंचित रहे। इसका मूल भाव था समान अवसर उपलब्ध कराना, ताकि सभी नागरिक विकास की मुख्यधारा में आ सकें।

समय के साथ भारत ने शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और आर्थिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या वर्तमान आरक्षण व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य को पूरा कर चुकी है, या इसमें व्यापक समीक्षा की आवश्यकता है?

कुछ प्रमुख प्रश्न विचारणीय हैं– क्या आरक्षण का लाभ केवल जातिगत आधार पर ही दिया जाना उचित है?

क्या आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों को, केवल आरक्षण श्रेणी में होने के कारण, लगातार इसका लाभ मिलना चाहिए?

क्या आरक्षण का लाभ वास्तव में उन लोगों तक पहुँच रहा है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है?

क्या वर्तमान व्यवस्था मेधावी विद्यार्थियों में असमानता और निराशा की भावना उत्पन्न करती है?

आरक्षण का उद्देश्य किसी वर्ग को स्थायी विशेषाधिकार देना नहीं, बल्कि समाज में समान अवसरों की स्थापना करना था। यदि कोई परिवार सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम हो चुका है, तो इस पर भी विचार होना चाहिए कि क्या उसे अनिश्चितकाल तक वही लाभ मिलता रहना चाहिए।

इसी प्रकार, महिलाओं के संदर्भ में भी समय-समय पर समीक्षा आवश्यक है। आज महिलाएँ शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सेना, विज्ञान, खेल और उद्योग सहित लगभग हर क्षेत्र में अपनी क्षमता सिद्ध कर रही हैं। ऐसे में यह विमर्श भी आवश्यक है कि आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था समयानुकूल है या उसमें सुधार की आवश्यकता है।

मेरा मानना है कि भविष्य की नीति का आधार वास्तविक आवश्यकता होना चाहिए। दिव्यांगजन, आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर, बुजुर्ग, गंभीर रूप से वंचित अथवा अन्य विशेष परिस्थितियों वाले व्यक्तियों को विशेष सहायता और सुविधाएँ अवश्य मिलनी चाहिए, ताकि वे समान अवसर प्राप्त कर सकें।

अंततः, किसी भी नीति का उद्देश्य समाज में समानता, न्याय और अवसरों का संतुलन स्थापित करना होना चाहिए। इसलिए यह आवश्यक है कि आरक्षण व्यवस्था की समय-समय पर निष्पक्ष समीक्षा हो, ताकि इसका लाभ वास्तव में उन लोगों तक पहुँचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है और सभी नागरिकों के लिए अवसरों की निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित हो।

जंतर मंतर और रांची के छात्र आंदोलन की तुलना का प्रयास

जंतर-मंतर पर चले युवा छात्र और कॉकरोच जनता पार्टी (केजेपी) के आंदोलन में प्रदर्शन स्थल पर जाने की इच्छा शक्ति व हिम्मत न दिखाने वाले पत्रकारों का एक वर्ग रांची के मुंडा स्टेडियम में जाकर ''छात्र अभ्यर्थी मंच'' के बैनर तले ''जेपीएससी एवं जेएसएससी'' की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं व पेपर लीक के विरोध में चल रहे आंदोलन की जिस तरह से रिपोर्टिंग कर ''पराक्रम के साथ परिक्रमा'' कर रहे हैं, वह इन मीडिया चैनलों की खोई विश्वसनीयता को और ''संदेह के घेरे'' में ही लाती है।

राजीव खंडेलवाल

राहुल गांधी रांची क्यों नहीं पहुंचे?

रांची के धरना स्थल मुंडा स्टेडियम पर राहुल गांधी के नहीं पहुंचने को लेकर सवाल उठाने वाले पत्रकार उस सांसद निशिकांत दुबे से उनके जंतर-मंतर पर न जाने पर प्रश्न नहीं पूछ रहे हैं? जिसने रांची में आंदोलनरत छात्रों की मांग का समर्थन करते हुए 13 अगस्त से अनशन पर बैठने की घोषणा की है, जबकि ये ही महाराज, जंतर मंतर पर चल रहे केजेपी आंदोलन के छात्रों की मांग पर एक शब्द भी नहीं कहा, ''मुंह में दही जम गया'', और उल्टे तलवारबाजी हो रही है। टोपी पहनने वाले मुसलमान और बांग्लादेशी लोग समर्थन दे रहे हैं, कहकर आंदोलन को बदनाम किया। यही मीडिया का ''दोहरा चरित्र'' है।

वैसे राहुल गांधी जंतर मंतर पर नहीं पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने आंदोलन के समर्थन में अपना प्रतिनिधि राज्यसभा सदस्य पवन खेड़ा को भेजा था। रांची में भी कांग्रेस नैतिक और संगठनात्मक समर्थन दे रही है। युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई प्रमुख लोग आंदोलन में सक्रिय समर्थन दे रहे हैं। जहां राहुल गांधी ने पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे व अन्य मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री के आवास के सामने धरना दिया था। लेकिन वहीं रांची में जहां उनके समर्थन की सरकार है, से तुरंत कदम उठाने कहने की बजाय 13 दिन आंदोलन का समर्थन करने में लग गए, जब उन्होंने छात्रों के प्रतिनिधियों से फोन पर बात की। इस ''देरी'' के लिए निश्चित रूप से राहुल गांधी से प्रश्न पूछा जाना चाहिए।

मीडिया कवरेज में जमीन-आसमान का अंतर।

जंतर मंतर पहुंचे बिना ही मेंनस्ट्रीम मीडिया आंदोलन में भाग ले रहे ''जैन जी'' को ''विभिन्न उपाधियों से विभूषित'' कर रहे थे, आज वे उक्त उपाधियों का ''उच्चारण'' करना भूल कर ''चरण वंदना'' में लग गए? जिस प्रकार मीडिया द्वारा आंदोलन के शांतिप्रिय आचरण की भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है, जो यथार्थ परक है। वहीं प्रशंसा के दो शब्द सरकार की सहनशीलता और शांतिपूर्ण कदम के लिए नहीं निकले, जहां देर से ही सही बातचीत के लिए सरकार ने कदम उठाये। जबकि जंतर मंतर में अनेक बाधाएं जैसे मेट्रो रोकना, कड़ी सुरक्षा चैकिंग करना, जोमैटो द्वारा की जा रही भोजन पैकेट डिलीवरी को रोकना और अंततः लाठीचार्ज और पैलेट गोली चलाना। जब छात्रों का मुद्दा, दर्द और आक्रोश वही तब फिर मीडिया का चश्मा अलग-अलग क्यों? ऐसी स्थिति में पत्रकारिता अगर सत्ता का ''आईना'' नहीं बनेगी तो वह सिर्फ सत्ता का ''प्रवक्ता'' बनकर रह जाएगी।

तुलना गलत !

वैसे दोनों आंदोलनों की तुलना करना ही मूलतः गलत होकर ''सेब और संतरे'' को मिलाना है। रांची का आंदोलन सफल जंतर मंतर आंदोलन की ''उपज'' (उत्पाद) होकर प्रथम परिणामी कड़ी है। जंतर-मंतर में 20 जून को प्रारंभ हुआ आंदोलन 25 जुलाई को समाप्त करने की घोषणा के साथ ही रांची में 25 जुलाई को अनिश्चितकालीन धरना चालू हुआ। यद्यपि 5 जुलाई से परीक्षा में धांधली के आरोप लगना प्रारंभ हो गए थे। लेकिन आंदोलन 25 तारीख से ही प्रारंभ हुआ। यदि जंतर-मंतर नहीं होता तो, शायद मुंडा स्टेडियम भी नहीं होता।

दोनों आंदोलन में अंतर।

एक महत्वपूर्ण अंतर यह है कि जंतर-मंतर के आंदोलन का आह्वान अकेले नवगठित कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके के आह्वान पर हुआ था, जिसमें विभिन्न छात्र संगठनों ने भाग लिया, लेकिन मंच पर बैनर सिर्फ कॉकरोच जनता पार्टी का ही था। यद्यपि कुछ समय तक एआईएसए व एआईएसएफ जो वामपंथी युवा विंग है, ने अपने पृथक बैनर तले मंच से कुछ हटकर आंदोलन में भाग लिया। ऐ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा भी 23 दिनों तक अनशन पर बैठी थी। तथापि वामपंथी छात्र संगठन आंदोलन के अभिन्न हिस्सा ही थे।

जबकि रांची में तीन संगठन अलग-अलग बैठे हुए थे। JPSC-JSSC Reform Manch (रिफॉर्म मंच): मुख्य मंचों में से एक। यह अभ्यर्थियों का कोर ग्रुप है, जो गैर-राजनीतिक रुख अपनाने पर जोर देता है।

अभ्यर्थी न्याय मंच (देवेंद्र नाथ महतो गुट/महतो कैंप): दूसरा प्रमुख गुट। देवेंद्र नाथ महतो (और कुछ सहयोगी) भूख हड़ताल पर हैं। महतो झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (JLKM) से जुड़े हैं।

AISA (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन): अलग प्लेटफॉर्म/कैंप लगाकर शामिल हुई है। उन्होंने विधानसभा मार्च भी किया। AISF आदि वामपंथी संगठनों के साथ भी सहयोग देखा गया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय युवक कांग्रेस आदि ने आंदोलन में भाग लेकर सक्रिय समर्थन किया।

दोनों आंदोलन के प्रति भाजपा व विपक्ष के दृष्टिकोण में भी अंतर?

राजनैतिक पार्टियां किसी भी आंदोलन में सिद्धांत से पहले स्वार्थ तलाशते अपना उल्लू सीधा करते हैं। जंतर मंतर का आंदोलन केंद्र सरकार के विरुद्ध था, तब विपक्ष के एक बड़े हिस्से ने एक राजनीतिक अवसर की तरह देखा व मौके की मलाई की तरह भुनाया। जबकि भाजपा नेताओं ने आंदोलन की विश्वनीयता, राष्ट्रीयता तथाकथित विदेशी फंड पर ही गोले दागे। रांची में उलट स्थिति है, जहां सरकार कांग्रेस समर्थित विपक्ष की है। इसलिए वहां भाजपा सीधे आंदोलन में भाग लेकर राजनीतिक रोटियां सेक रही है, जबकि वह जंतर-मंतर से कोसों दूर थी।

कांग्रेस की जो ''सक्रियता'' जंतर मंतर के आंदोलन को लेकर रही, रांची में वह ''जोश'' गायब है। प्रयागराज में देश के किसी भी हिस्से में अहिंसात्मक छात्र आंदोलन के समर्थन की बात कहने वाले राहुल गांधी, रांची में लाठी चार्ज पर मात्र बयान देकर प्रतीकात्मक विरोध कर अनशन, धरने पर कब बैठेंगे, इसकी प्रतीक्षा है?

हमर छत्तीसगढ़ के पहिली लोक परब : हरेली तिहार

तेजबहादुर सिंह भुवाल

छत्तीसगढ़ ला धान के कटोरा कहे जाथे। इहाँ के माटी, खेती-किसानी, लोक परंपरा अउ संस्कृति के बीच में एक-दूसर ले गहरा जुड़ाय हवय। एही समृद्ध लोक संस्कृति के पहिली अउ सबले महत्तम परब आय - हरेली तिहार। सावन अमावस के दिन मनाय जाथे, ये तिहार सब पूजा-पाठ के अवसर नहीं हे, बल्कि हरियर प्रकृति, किसान, खेती, पशुधन अउ लोक जीवन के सम्मान के परब आय।

हरेली शब्द के मतलबे आय - हरियाली। जब सावन के बरखा ले धरती हरियर चुनरी ओढ़ लेथे, खेत मं धान के पौधा लहलहाय लगथे, किसान के मन मा नई आस जगथे, त पूरा छत्तीसगढ़ हरेली तिहार के रंग मं रंग जाथे। इही कारण से हरेली ला छत्तीसगढ़ के पहिली लोक परब कहे जाथे।

हरेली के दिन किसान अपन हल, नागर, रापा, कुदारी, फावड़ा, हंसिया, गाड़ी-बैला जइसने खेती के सब्बो औजार मन के साफ-सफाई करके पूजा करथें। ये औजार के पूजा नहीं हे, बल्कि किसान के मेहनत, पसीना अउ अन्नदाता के सम्मान के प्रतीक आय। खेती मा सहयोग करे वाला गाय-बैला मन के घलो पूजा करके ओकर सेवा अउ महत्व ला याद करे जाथे। ए दिन घर के दुवारी मा नीम, भिलवा अउ दूसर औषधीय डारी लगाय जाथे। लोक मान्यता हवय कि एखर ले नकारात्मक शक्ति दूर रहिथे अउ घर-परिवार सुरक्षित रहिथे। गांव-गांव मा बैइगा, गुनिया अउ पारंपरिक वैद्य पूजा-पाठ करथें। किसान मन बढ़िया बरसा, भरपूर फसल, पशुधन के सुख-समृद्धि अउ परिवार के खुशहाली बर भगवान ले प्रार्थना करथें। हरेली के दिन गांव-देहात में घरो-घर गुड़-चीला, फरा के संग गुलगुला भजिया, चौसेला, औउ बोबरा घलो बनाए जाथे, जेखर ले हरेली तिहार के उमंग हा अउ बाढ़ जाथे। किसान मन अपन किसानी औजार के पूजा-पाठ कर गाय-बैला ला दवई खवाये जाथे, ताकि वो हा सालभर बने रहाय। गांव-देहात के संगे-संग शहर मन डाहर घलो हरेली तिहार मनाये जाथे। ऐसे माने जाथे कि हरेली तिहार बर खेती-किसानी के पहली काम हा पूरा हो जथे। यानी बोआई, बियासी के बाद किसान औउ गरवा मन आराम करथे। ये दिन गाय-गरवा मन ला बीमारी ले बचाय बर बगरंडा और नमक खवाय जाथे औउ आटा मा दसमूल-बागगोंदली ला मिलाके घलो खवाथे। गांव मा लोकगीत, नाचा-गम्मत, मांदर के थाप अउ पारंपरिक व्यंजन ले पूरा माहौल आनंदमय हो जाथे। हरेली के सबले बड़े आकर्षण मा एक आए गेड़ी चढ़ना। बांस के बने गेड़ी मा चढ़के लइका मन गांव भर घूमथें, दौड़ लगाथें अउ लोक खेल के आनंद लेथें। ऐहा गेड़ी खेल नइ हे, बल्कि छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति, संतुलन अउ उत्साह के पहचान आय।

आज के आधुनिक समय मा जिहां कई लोक परंपरा धीरे-धीरे कम होवत जात हे, ओतकेच हरेली तिहार हमन ला अपन जड़, अपन माटी अउ अपन संस्कृति ले जुड़े रेहे के सीख देथे। ये परब बताथे कि प्रकृति के बिना जीवन अधूरा हवय अउ खेती-किसानी हमर असली पहचान आय।

छत्तीसगढ़ शासन घलो हरेली तिहार ला राज्य के सांस्कृतिक पहचान के रूप मा बढ़ावा देवत हवय। गांव-गांव मा हरेली तिहार मा गेड़ी दौड़, वृक्षारोपण, कृषि औजार पूजा, लोकनृत्य अउ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करे जाथें। एखर ले नई पीढ़ी अपन लोक संस्कृति अउ परंपरा ला जाने-समझे के मौका पाथे।

आज जब पर्यावरण संरक्षण पूरा दुनिया बर चुनौती बन गे हवय, त हरेली तिहार के महत्व अउ बढ़ गे हवय। ये परब हमन ला रूख लगाय, हरियाली बचाय, पानी के संरक्षण करे अउ प्रकृति संग संतुलन मा जीए के प्रेरणा देथे।

हरेली एक तिहार नइ, बल्कि छत्तीसगढ़िया अस्मिता, किसान के सम्मान, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता अउ लोक संस्कृति के गौरव के प्रतीक आय। ये परब हमन ला सिखाथे कि जेन धरती हमन ला अन्न देथे, जेन किसान मेहनत करथे अउ जेन प्रकृति हमन ला जीवन देथे, ओकर सम्मान करना हमर सबले बड़े जिम्मेदारी आए।

आवव, हरेली तिहार के पावन अवसर मा हम सब्बो हरियर छत्तीसगढ़, स्वच्छ पर्यावरण अउ अपन समृद्ध लोक संस्कृति के संरक्षण के संकल्प लेवव। इही हरेली के असली संदेश अउ हमर छत्तीसगढ़ के गौरव आए। जय छत्तीसगढ़।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दिखावे का कोई रिश्ता कभी सच्चा नहीं होता, वहम कितना भी हसीं हो,मगर अच्छा नहीं होता! नदी सच की नहीं रुकती किसी रोड़े के आने से, सच्चाई सादगी में है,स्वाँग अच्छा नहीं होता! निकल आए बहुत आगे मरीचिका के भुलावे से, खिलौनों से बहल जाए, इतना कोई बच्चा नहीं होता! तुम्हारे अक्स का टुकड़ा नहीं बाक़ी फ़साने में, हो मौजूद अब भी ये भरम अच्छा नहीं होता! मेरे सपने, मेरी आशा, ध्येय ÷अंजू÷ पहाड़ों-से सफ़र पगडंडियों का ,यूँ कभी अच्छा नहीं होता!

- अंजू डोकानिया

मांझी क्या ग़लत चुने, लहरों की जो न सुने, इनसे ये नाव अब, खींची नहीं जाएगी ।। काट काट डालियों को मिटा दिया बालियों को, इनसे ये फुलवारी, सींची नहीं जाएगी ।। कैसा प्रतिघात किया, सबको आघात दिया, बरबादी देख आँख, मींची नहीं जाएगी।। क्रोध को दबायें कैसे, बीज को बचायें कैसे, कैसे मुट्ठियां यहाँ पे भींची नहीं जायेगी।। - **शालिनी शर्मा**

गर ज़मीं चाँद बन यों बिखरना अगर तुम तुझे मेरी प्यासे बुझाना ही होगा/ प्रेमी बनकर सदा याद आते होजब, मुझको जिगर मे बसाना ही होगा/ मन ख्वाबों का ऐसा समुंदर बहा कर यामिनी चाँदनी बन आना ही होगा। - **राजकिशोर मिश्र 'राज'**

पूरा वामपंथन समाज और चिंटू गण गुलाबी कमीज पर फिद्दा हुए पोस्ट पर पोस्ट कर रहे हैं। कल तक जंतर मंतर की एक एक खबर शेयर कर रहे थे आज वो गुलाबी खबर में खोएं हैं। इन्हें झारखंड दिखाई नहीं दे रहा। झारखंड की खबरों को फेसबुक भी ज्यादा दिखा नही रहा। जबकि जंतर मंतर की खबरों से फेसबुक भर गया था। - **दिव्या राकेश शर्मा**



ज़िंदगी को हमेशा मन की आस के सहारे ही जिया है। हालात कितने भी मुश्किल रहे हों, उम्मीद का दामन कभी नहीं छोड़ी मैंने हर छोटी-सी खुशी को महसूस किया और हर दुख में कोई न कोई सीख तलाश ली। शायद यही वजह है कि तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद, मैंने अपनी ज़िंदगी को हमेशा ख़ास बनाए रखी हूं।

- प्रीति श्रीवास्तव

छत्तीसगढ़ के संत बाबा गुरुघासी दास जी का 11 वीं के हिंदी पुस्तक में उनके जीवन परिचय को पाठ के रूप में जोड़ा जाय और उन्हें पढ़ाया जाना चाहिए गिरौदपुरी की सांस्कृतिक धार्मिक और शैक्षणिक शिक्षा एक पाठ हो संत गुरु घासी दास जी ने ÷मनखे - मनखे एक बराबर का संदेश÷ दिए थे ... संत बाबा गुरु घासीदास जी को पढ़ना जरूरी है ।

- लक्ष्मी नारायण लहरे

ख़्यालों में भी तन्हा कर गए हो सितम हद से ज़ियादा कर गए हो ख़ता मेरी थी मैंने इश्क़ समझा हक़ीक़त ही तो बतला कर गए हो जहां में एक तुम थे, एक मैं थी मेरा संसार आधा कर गए हो न बन पाए कभी तुम श्याम फिर भी मुझे दीवानी मीरा कर गए हो मिले हैं ज़ख़्म, ग़म, अश्क़ों का दरिया वसीयत में भी क्या क्या कर गए हो कभी राधा कहा करते थे मुझको सो अब तुम कूच मथुरा कर गए हो तुम्हीं कहते थे दुनिया से बचाना तुम्हीं दामन को रुस्वा कर गए हो

- ममता लड़ीवाल

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप असमंजस की स्थिति में रहेंगे। दिन के आरम्भ में थोड़ी सुस्ती रहेगी लेकिन मध्यान तक कार्यो के प्रति गंभीर हो जाएंगे। जोड़ो में दर्द एवं मुख गले संबंधित समस्या हो सकती है।

वृषः आज का दिन सामान्य से उत्तम रहेगा। दिन के आरम्भ से ही आध्यात्म में रुचि रहेगी घरेलू पूजा पाठ के साथ धार्मिक क्षेत्र की यात्रा के अवसर भी मिलेंगे। कार्य व्यावसाय से आशा ना होने पर भी अकस्मात लाभ के समाचार उत्साहवर्धन करेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपका स्वभाव स्वयं के दृष्टिकोण से ठीक लेकिन अन्य लोगो की नजर में अटपटा सा लगेगा। किसी से भी जल्दबाजी में वादा करेंगे।

कर्कः आज आपका स्वभाव मनमौजी रहेगा अपने मे मस्त रहेंगे आवश्यक कार्यो को भी मजबूरी में करेंगे अथवा टालने के ही प्रयास करेंगे जिससे घर के सदस्यों के साथ मन मुटाव होगा। पैतृक कारणों से की यात्रा लाभ देगी।

सिंहः आज का दिन आपको किसी न किसी रूप में धन का हास कराएगा। कार्य क्षेत्र हो या किसी से व्यक्तिगत संबंध आज किसी के ऊपर भी आँख बंद कर विश्वास ना करें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा।

कन्याः आज के दिन आपको लाभ के अवसर मिलेंगे लेकिन आपका स्वभाव अकस्मात गर्म होने पर इससे वंचित भी रह सकते है इसका ध्यान रखें। ठंडी वस्तु के सेवन से बचे खांसी कफहो सकता है।

तुलाः आज के दिन आपके अंदर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा भक्ति भावो में डूबे रहेंगे। स्वभाव आज थोड़ा रूखा रहेगा अपने कार्य मे किसी का दखल देना या किसी का ज्ञान देना तुरंत अखरेगा शब्दो पर नियंत्रण रखें अन्यथा बैठे बिठाये झगड़ा हो सकता है।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी धार्मिक भावनाए प्रबल रहेंगी। दिन के आरंभ में पूजा पाठ के लिये समय देंगे लेकिन आज मन कही और ही भटकने के कारण मानसिक शांति और एकाग्रता कम रहेगी।

धनुः आज का दिन शारीरिक दृष्टिकोण से बीते कुछ दिनों की तुलना में बेहतर रहेगा चुस्ती की कमी दिन के आरम्भ में रहेगी लेकिन मध्यान बाद से सामान्यता आने लगेगी।

मकरः बीते दिन की तुलना में आज का दिन शांतिदायक रहेगा फिर भी पुरानी बातों को भूलने का प्रयास कर नई योजना बनाने में समय का उपयोग करे आगे समय धन लाभ वाला बन रहा है।

QUIZ TIME

1. उत्तर-पश्चिमी भारत में फलने-फूलने वाले किस राजवंश के राजाओं की उपाधि 'देवपुत्र' थी?
2. वर्ष 1976 में बनी किस फिल्म के आधार में यह कहा गया है कि गुजरात के पांच लाख दुग्ध उत्पादकों ने इस फिल्म में वित्तीय सहायता प्राप्त की थी?
3. 'मेवाती और हाड़ौती' बोलियां हिंदी में किस वर्ग की बोलियाँ हैं?
4. भाषा के संदर्भ में महात्मा गाँधी ने किसका समर्थन किया?
5. आंध्र प्रदेश के पहले व्यक्ति कौन बने हैं जिन्हें 'समुराई' का सम्मान मिला है?

उत्तरमाला- (1) कुषाण (2) मंथन (3) राजस्थानी (4) हिंदुस्तानी (5) पवन कल्याण

★ KamaQuiz ★

पहेली

शब्द सामर्थ्य -127

न्यूज गैलरी

प्रेमराज बने उप मुख्य निर्णायक

भिलाई/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संघ द्वारा इन्दौर में प्रथम पैरा नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 आयोजित होने जा रही है। जिसमें टेबल टेनिस फैडरेशन ऑफ इंडिया ने भिलाई छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक एवं हनुमान सिंह अवॉर्ड से सम्मानित प्रेमराज जाचक को प्रतियोगिता का उप मुख्य निर्णायक बनाया गया है। आगे जानकारी देते हुए दुर्ग जिला टेबल टेनिस संघ सचिव उमेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला के 9 अलग अलग वर्गों में कराई जाएगी। प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 300 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रेमराज जाचक डाक विभाग में कार्यरत है। इस उपलब्धि के लिए जिला टे. टे. संघ अध्यक्ष नीरज पाल, चेयरमैन विकास कुमार गुप्ता एवं समस्त पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

हरेली तिहार पर हरियाली का संकल्प न्यू कृषि मंडी से होगा वृक्षारोपण

दुर्ग/नवप्रदेश। हरेली तिहार के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा 12 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे न्यू कृषि मंडी, धमधा रोड में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा पर्व है। इस अवसर पर पौधारोपण के साथ उनके संरक्षण और नियमित देखरेख का संकल्प भी लिया जाना चाहिए। प्रभारी आयुक्त मोहेंद्र साहू ने कार्यक्रम की स्थल व्यवस्था, पौधों की उपलब्धता, सुरक्षा एवं स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपी। कार्यपालन अभियंता मो. सलीम सिद्दीकी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, गुलाब वर्मा, हरिशंकर साहू, अनिल सिंह सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा रैली

भिलाईनगर/नवप्रदेश। 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान के तहत निगम भिलाई द्वारा भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। पावर हाउस चौक से शुरू हुई रैली नंदिनी रोड सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः पावर हाउस चौक पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदियां हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। इस दौरान 'भारत माता की जय' के जयघोष से पूरा मार्ग देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। प्रतिभागियों ने नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं गरिमा बनाए रखने के साथ हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने का संदेश दिया।

रेंजर की नौकरी के नाम पर 8 लाख ठगे, फेक ज्वाइनिंग लेटर दिया, 3 गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। वन विभाग में रेंजर की नौकरी लगवाने का झांसा देकर 8 लाख ठगने के मामले में भिलाई भट्ठी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने प्रार्थी के बेटे को वन विभाग में रेंजर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। इसके बदले उन्होंने अलग-अलग समय पर प्रार्थी से कुल 8 लाख रुपए लिए।

आरोपियों ने प्रार्थी को भरोसा दिलाने के लिए मंत्रालय से जारी होने की बात कहकर एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया था। पुलिस ने फर्जी नियुक्ति पत्र के साथ मामले से जुड़े दस्तावेज और अन्य सामान जब्त कर जांच में लिया है।

जब नौकरी नहीं लगी तो प्रार्थी ने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे। आरोप है कि इसके बाद आरोपी पैसे लौटाने के नाम पर लगातार टालमटोल करते रहे। काफी समय बीतने के बाद भी जब पैसे वापस नहीं मिले, तो प्रार्थी को ठगी का शक हुआ। इसके बाद उसने भिलाई भट्ठी थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारतेन्दु मेश्राम (36), निवासी एकता नगर, ठेलका बोर्ड, कांकेर,

हनी श्रेष्ठ (42), निवासी कृष्णा ग्रैण्ड सिटी, आर्य नगर, कोहका, स्मृति नगर चौकी, थाना सुपेला, दुर्ग और भोजेन्द्र कुमार (32), निवासी ग्राम टिकरी अर्जुन्दा, थाना अर्जुन्दा, जिला बालोद को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-2 भिलाई के रहने वाले दिनेश कुमार ने 9 अगस्त 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि साल 2023 में आरोपियों ने उनके बेटे को वन विभाग में रेंजर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। आरोपियों की बातों में आकर दिनेश ने उन्हें कुल 8 लाख रुपए दे दिए।

इस दौरान आरोपियों ने मंत्रालय से जारी नियुक्ति प्रमाण पत्र बताकर एक दस्तावेज भी दिया था। बाद में पुलिस की जांच में यह दस्तावेज फर्जी निकला। पुलिस अब ठगी की रकम के लेनदेन और मामले में आरोपियों की भूमिका से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

प्रार्थी के बेटे की नौकरी नहीं लगी तो उसने आरोपियों से रकम वापस मांगी। पुलिस के मुताबिक आरोपी हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर पैसे लौटाने से बचते रहे। कई बार मांग करने के बाद भी जब रकम वापस नहीं मिली तो प्रार्थी ने पुलिस से शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने भेजा जेल

पुलिस टीम ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने 11 अगस्त को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से तीनों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

अवैध रूप से भंडारित उर्वरक-कीटनाशकों के 4 गोदाम सील

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर कृषि विभाग के जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने पाटन विकासखंड में कृषि आदान सामग्री के भंडारण एवं विक्रय की जांच की। वृंदावन नगर, अमलेश्वर स्थित शिवालय क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में बिना वैध दस्तावेजों के कीटनाशक, जैव उत्प्रेरक एवं कार्बनिक उर्वरक का भंडारण पाया गया। जांच में अवसान तिथि के बाद की तथा बिना बैच नंबर वाली सामग्री भी मिली।

नियमों के उल्लंघन पर विभाग ने 30 से अधिक प्रकार के लगभग 5286 लीटर एवं 4717 किलोग्राम कीटनाशक तथा 1380 लीटर एवं 1714 किलोग्राम जैव उर्वरक जब्त कर

संबंधित प्रोपराइटर को सुपुर्दगी में दिया। समीपस्थ भवन की जांच में भी अवसान तिथि के बाद की सामग्री, जैव उत्प्रेरक एवं खाली रैपर मिले, जिन्हें जब्त किया गया।

इसी प्रकार कॉर्टेक्स एग्रो साइंस प्राइवेट लिमिटेड के दो गोदामों में भी बिना वैध दस्तावेजों के कीटनाशक एवं जैव उत्प्रेरक का भंडारण एवं विक्रय पाया गया। यहां से 20 से अधिक प्रकार की लगभग 2100 लीटर से अधिक कीटनाशक एवं 2170 किलोग्राम सामग्री जब्त कर दोनों गोदामों को सील किया गया। खाली कंटेनर, बोरे और लेवल भी मिले, जिससे अवैध पैकिंग की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार दोनों कंपनियों के कुल चार गोदामों से 50 से अधिक प्रकार की कृषि आदान सामग्री जब्त की गई। इसमें लगभग 10124 लीटर एवं 1884 किलोग्राम कीटनाशक तथा 1840 लीटर एवं 3665 किलोग्राम जैव उर्वरक शामिल हैं।

विवि राष्ट्रनिर्माण की कार्यशाला : आईपी मिश्रा

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के स्वागत एवं उनके शैक्षणिक जीवन के शुभारंभ के अवसर पर भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप दीक्षारंभ कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यसंस्कृति, शैक्षणिक वातावरण, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से परिचित कराना था। इस दौरान विश्वविद्यालय कुलाधिपति आईपी मिश्रा, कुलपति डॉ. स्मिता सेलट, श्री गंगाजली एजुकेशन सोसायटी की प्रेसिडेंट डॉ. जया मिश्रा, डायरेक्टर डॉ. सुशील चंद्र तिवारी तथा कुलसचिव डॉ. वैभव तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कुलाधिपति आई.पी. मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, चरित्र और राष्ट्रनिर्माण की कार्यशाला है।

डॉ. आम्बेडकर शिक्षा मित्र सोसायटी का प्रयास सराहनीय : महादेव कावरे

मैं प्रशांत कुमार वर्मा (PRASHANT KUMAR VERMA) (पिता का नाम) सुपुत्र स्व. जे.एस. वर्मा, निवासी एल.आई.जी.-231, वार्ड नं.-70, आमदीनगर, हुडको भिलाई, तह. व जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिक सुपुत्री एकांशी वर्मा (AKANSHI VERMA) (पुराना नाम) से बदल कर ओजस्वी वर्मा (OJASWI VERMA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
प्रशांत कुमार वर्मा
पिता स्व. जे.एस. वर्मा
निवासी एल.आई.जी.-231
वार्ड नं.-70, आमदीनगर, हुडको
भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं पवन यादव (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र / पत्नी रामानंद यादव निवासी डॉ. जोशी लाईन कांट्रेक्टर कालोनी, नेहा डेयरी के पास, सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. एतद् द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ। मैं डॉ. जोशी लाईन कांट्रेक्टर कालोनी, नेहा डेयरी के पास, सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ। मैं अपने नाबालिग पुत्री कुमारी अनन्या (KUMARI ANANAYA) पिता पवन यादव (PAWAN YADAV) से बदलकर आराध्या यादव (ARADHYA YADAV) पिता पवन यादव (PAWAN YADAV) करवाना चाहता/चाहती हूं। मैं अपने पुत्र/पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता/करती हूं उसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदारी रहूंगा/रहूंगी। मेरी पत्नि/पति (पत्नि /पति का नाम) रिंकी यादव को हमारे नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम में कोई आपत्ति नही है। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा/रही हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा/रही हूं।

शपथकर्ता
पवन यादव पिता रामानंद यादव
निवासी डॉ. जोशी लाईन कांट्रेक्टर
कालोनी, नेहा डेयरी के पास, सुपेला
भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं रमसीर (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता भीखम, उम्र 59 वर्ष, निवासी- मकान नं. 350, सतनामी पारा, टिकरी, पोस्ट-अर्जुन्दा, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.) जिसे अब तक रमसीर पिता भीखम ने अपना नाम बदल कर रमशीला बाई (RAMSHILA BAI) पिता भीखम (BHIKHAM) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
रमसीर पिता भीखम
निवासी- मकान नं. 350, सतनामी
पारा, टिकरी, पोस्ट-अर्जुन्दा, तह.
गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए तैयार होंगे प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स

रायपुर/नवप्रदेश। बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और संरक्षण को लेकर आंजनेय विश्वविद्यालय, रायपुर में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स के नए बैच रक्षक का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। 'रक्षक' की विशेषता यह है कि छत्तीसगढ़ में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने राज्य के विश्वविद्यालयों के साथ समझौता कर एक साझा शैक्षणिक पहल के रूप में प्रारंभ किया है। मुख्य अतिथि डॉ वर्णिका शर्मा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कहा कि कार्यक्रम का नाम 'रक्षक' केवल एक पाठ्यक्रम का नाम नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी है। आज बच्चों को हिंसा, शोषण, बाल श्रम, बाल विवाह, साइबर जोखिम और अन्य अनेक चुनौतियों से बचाने के लिए प्रशिक्षित एवं संवेदनशील मानव संसाधन की आवश्यकता है। ऐसे में यह पाठ्यक्रम युवाओं को ज्ञान के साथ संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से जोड़ने का प्रयास है। चांसलर श्री अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि रक्षक पाठ्यक्रम का उद्देश्य केवल बाल अधिकारों के कानूनों का सैद्धांतिक अध्ययन कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को बाल संरक्षण व्यवस्था की व्यावहारिक समझ प्रदान करना है।

मैट्स यूनिवर्सिटी के नितिन ने रचा इतिहास, मिली प्रतिष्ठित UGC-NFSC फेलोशिप

रायपुर/नवपदेश। मैट्स यूनिवर्सिटी ने एक अहम उपलब्धि हासिल की है। मैट्स स्कूल ऑफ़लाइब्रेरी साइंस के रिसर्च स्कॉलर, श्री नितिन कुमार चेलक, अपने डिपार्टमेंट और यूनिवर्सिटी के पहले ऐसे स्कॉलर बन गए हैं जिन्हें ल्रष्ट, नई दिल्ली की ओर से 'अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय फ़ेलोशिप' मिली है। यह उपलब्धि स्कॉलर्स के लिए यूनिवर्सिटी के मज़बूत समर्थन को दिखाती है और दूसरों को भी बेहतरीन काम करने के लिए प्रेरित कर सकती है। चेलक ने मैट्स यूनिवर्सिटी के मैट्स स्कूल ऑफ़ लाइब्रेरी साइंस से क्चस्र्ढ्ढक्चढ्ढ.स्र्. और रूस्र्ढ्ढक्चढ्ढ.स्र्. की डिग्री हासिल की। अभी वे मैट्स यूनिवर्सिटी में लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस की विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना चंद्राकर की देखरेख में क्चद्धष्ठ कर रहे हैं। मैट्स स्कूल ऑफ़ लाइब्रेरी साइंस और पूरी मैट्स यूनिवर्सिटी कम्युनिटी को इस उपलब्धि पर गर्व और प्रेरणा महसूस हो रही है। चांसलर श्री गजराज पगारिया, वाइस-चांसलर प्रो. (डॉ.) के.पी. यादव, डायरेक्टर जनरल श्री प्रियेश पगारिया, रजिस्ट्रार गोकुलानंदा पंडा, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. रमेश कुमार साहू, विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना चंद्राकर, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. साहित्यंजलि चंद्र, श्री संजय शाहजीत, सुश्री ओमलता साहू और श्री लुकेश मिर्चे, सहायक ग्रंथपाल श्री शशिकांत कोसरे, साथ ही अन्य फ़ैकल्टी सदस्यों ने अच्छे भविष्य के लिए बधाई दी और श्री चेलक की सफलता पर गर्व जताया। यह उपलब्धि श्री चेलक की लगन और यूनिवर्सिटी के सहयोगी माहौल की वजह से मुमकिन हो पाया ।

देवदत्त पटनायक की कृतियों पर किया विशिष्ट अध्ययन, शक्तिपीठों-ज्योतिर्लिंगों के प्रत्यक्ष अवलोकन से शोध को बनाया व्यापक

भारतीय पौराणिक कथाओं और मंदिर परंपराओं की गहराई तक पहुंचा शोध

संयुक्ता पाढ़ी को मिली पीएचडी की उपाधि

बालोद/नवप्रदेश। भारतीय पौराणिक साहित्य, मंदिर परंपराओं और सांस्कृतिक प्रतीकों को अंग्रेजी साहित्य के अकादमिक अध्ययन से जोड़ते हुए संयुक्ता पाढ़ी को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा अंग्रेजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने 'Narratives and Symbols in the Selected Works of Devdutt Pattanaik' विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है।

संयुक्ता पाढ़ी का शोध भारतीय पौराणिक आख्यानों, प्रतीकों और उनके सांस्कृतिक अर्थों की गहन पड़ताल पर केंद्रित रहा। शोध में यह समझने का प्रयास किया गया कि भारतीय पौराणिक कथाएं और उनसे जुड़े प्रतीक किस प्रकार भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और सामाजिक चेतना को अभिव्यक्त करते हैं।

पुस्तकों से आगे मंदिरों तक पहुंचा शोध: इस शोध की सबसे खास बात यह रही कि इसे केवल पुस्तकीय अध्ययन तक सीमित नहीं रखा गया। विषय को व्यापक और प्रामाणिक स्वरूप देने के लिए संयुक्ता पाढ़ी ने अनेक शक्तिपीठों, ज्योतिर्लिंगों और स्थानीय मंदिरों का भ्रमण कर वहां की परंपराओं, प्रतीकों तथा पौराणिक मान्यताओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न पौराणिक एवं विद्वतापूर्ण शोध-साहित्य के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित पुस्तकों का भी गहन अध्ययन किया। मंदिरों में प्रचलित परंपराओं और पौराणिक प्रतीकों को शोध के संदर्भ में समझने का प्रयास उनके अध्ययन को विशिष्ट बनाता है।

विशेषज्ञ ने भी की शोध की सराहना

संयुक्ता पाढ़ी ने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. शीला विजय, प्राध्यापक, डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई-3 तथा सह-शोध निर्देशक डॉ. तरलोचन कौर संधू के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनका शोध केंद्र शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग रहा। उनकी अंतिम मौखिकी के बाह्य परीक्षक प्रो. नागेंद्र सिंह, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की रहे। उन्होंने शोध की सराहना करते हुए विशेष रूप से इस बात को महत्वपूर्ण माना कि अंग्रेजी विषय के शोध के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रभावी ढंग से अकादमिक विमर्श में प्रस्तुत किया गया। सफल मौखिकी एवं शोध प्रतिरक्षण के उपरांत संयुक्ता पाढ़ी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनका यह शोध भारतीय पौराणिक साहित्य, मंदिर संस्कृति और ज्ञान परंपरा को आधुनिक अकादमिक दृष्टि से समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सफुद्दीन ने रायपुर के नाम से जोड़ा ईमानदार आजीविका का संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु परम पावन सैयदना मुफ्द्दल सैफुद्दीन साहब ने मंगलवार, 11 अगस्त को आमानाका स्थित नवनिर्मित हसनी मस्जिद में रायपुर में एकत्रित करीब छह हजार दाऊदी बोहरा समाज के लोगों को संबोधित किया।

अपने प्रवचन में सैयदना साहब ने शहर के नाम रायपुर का उल्लेख करते हुए कहा कि गुजराती भाषा में 'राई' का अर्थ सरसों के छोटे से बीज से है। उन्होंने राई के उदाहरण के माध्यम से विनम्रता के साथ निरंतर और छोटे-छोटे प्रयास करते हुए आगे बढ़ने का महत्व समझाया।

उन्होंने क्षेत्र में उगाई और उत्पादित होने वाली चावल और लोहे की विशेषताओं का भी उल्लेख किया। इन उदाहरणों के माध्यम से सैयदना साहब ने मेहनत, धैर्य और दृढ़ता के मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने समाज के सदस्यों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने तथा ईमानदार आजीविका अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने का आह्वान किया।

देशभर के 100 से अधिक शहरों, कस्बों और गांवों से दाऊदी बोहरा समाज के लोग सैयदना साहब का प्रवचन सुनने के लिए रायपुर पहुंचे। अपने संबोधन में उन्होंने धार्मिक जीवन से जुड़े विषयों के साथ-साथ परिवार, व्यवसाय, समाज और व्यापक समाज के प्रति व्यक्ति की जिम्मेदारियों पर भी मार्गदर्शन दिया।

सैयदना साहब सोमवार, 10 अगस्त को मुंबई से रायपुर पहुंचे। यह पिछले 10 वर्षों में उनका रायपुर का पहला दौरा है।

रायपुर में दाऊदी बोहरा समाज के करीब 400 परिवार निवास करते हैं। इनमें से कई परिवार हार्डवेयर, कपड़ा और पावर टूल्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय से जुड़े हैं। समाज के सदस्य शहर में सामाजिक कल्याण से जुड़ी गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया

रायपुर/नवप्रदेश। सावन माह के पवित्र महीने में में सुंदर नगर रायपुर में उर्वशी पांडे के निवास स्थान पर शिव मंदिर में सुंदरकांड का पाठ और भजन किया गया, काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए । इस कार्य में श्रीमती कल्पना शुक्ला (जिलाध्यक्ष) श्रीमती मनोरमा बाजपेई (सुंदर नगर प्रभारी),श्रीमती उषा पांडे (अनुशासन प्रभारी), श्रीमती संध्या तिवारी (कुंज बिहारी चौक प्रभारी), मंजू मिश्रा ,सरोज शुक्ला, नमिता पात्रा , प्रियंका शर्मा, रजनी सोनी , कृष्णा शर्मा,अंजनी महिला मंडल की सभी बहने और ट्रस्ट से सहयोगी बहने उपस्थित रही। ट्रस्टी अध्यक्ष परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुवाद दिए।

सिपेट रायपुर में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग और अपशिष्ट प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेटःआई.पी.टी.), रायपुर द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्रु्ष्ठ), छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से 6 एवं 7 अगस्त 2026 को ÷प्लास्टिक रीसाइक्लिंग और अपशिष्ट प्रबंधन÷ विषय पर दो दिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों में कार्यरत अधिकारियों की तकनीकी एवं व्यावहारिक क्षमता को विकसित करना तथा प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक, प्रभावी एवं पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन को बढ़ावा देना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 50 नगर निगम अधिकारियों ने सहभागिता की। दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, कचरे का पृथक्करण, रीसाइक्लिंग की आधुनिक तकनीक, टिकाऊ एवं पर्यावरण-अनुकूल विकल्प, कार्यस्थल पर सुरक्षा तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के संबंध में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के प्रथम दिन विशेषज्ञों ने प्लास्टिक कचरे से उत्पन्न पर्यावरणीय चुनौतियों तथा इसके व्यवस्थित संग्रहण और प्रबंधन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। सुश्री सस्मिता मिश्रा एवं श्री एन. रवींद्र रेड्डी ने शहरी कचरे में मौजूद विभिन्न प्रकार की प्लास्टिक सामग्री की पहचान, उनके उपयोग एवं पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की।

उत्तर बोरेतलाव परिक्षेत्र में डीएफओ का निरीक्षण, 800 पौधों की ली जानकारी

राजनांदगांव/डोंगरगढ़। उत्तर बोरेतलाव परिक्षेत्र में वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव ने मंगलवार को वन विभाग की टीम के साथ विभिन्न वानिकी कार्यों और मुख्यमंत्री किसान मित्र योजना के तहत हितग्राहियों की निजी भूमि पर लगाए गए पौधों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम बछेरा भाटा पहुंचकर किसानों के खेतों में लगाए गए करीब 800 पौधों की स्थिति का मौके पर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों से सीधे चर्चा कर पौधों की नियमित देखभाल, सुरक्षा, सिंचाई एवं विकास की जानकारी ली। खेतों में लगाए गए पौधों में बांस, चंदन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल बताए गए। वन विभाग की टीम ने पौधों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए किसानों को इनके संरक्षण एवं बेहतर विकास के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। ग्राम बछेरा भाटा के निरीक्षण के दौरान राजनांदगांव डीएफओ आयुष जैन तथा डोंगरगढ़ डीएफओ पूर्णिमा सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम मौजूद रही। वहीं डोंगरगढ़ रेंजर पुष्पेंद्र गोस्वामी भी अपनी टीम के साथ मौके पर उपस्थित रहे। वनमंडलाधिकारी ने उत्तर बोरेतलाव परिक्षेत्र में संचालित विभिन्न वानिकी एवं पौधरोपण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए सभी कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को वानिकी कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ पौधों की सुरक्षा, कार्यों की गुणवत्ता और अभिलेखों के उचित संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
Zone- 10
Email:- rmczone10@gmail.com

e-Procurement Tender Notice Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)

NIT NO:- 16 **RAIPUR DATED- 10.08.2026**

Online bids are invited for the following works up to **25.08.2026 at 17:30 hours.**

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract
01	197271	कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र. 54 अंतर्गत सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य।	17.19 Lakh
02	197273	बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र. 53 अंतर्गत डूमरतराई में दईहान चौक में सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य।	15.54 Lakh

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **10.08.2026, 17.30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

NOTE :-
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE- 10
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Electrical contractors. Registered in the O/o E.D. (Project) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following- work under jurisdiction of S.E. City Circle-I, CSPDCL, Raipur. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both Material and service portions)** The due date for submission/ Opening of the tender is indicated here under: -

S. N	Tender No.	Name of work	Value of contract (Without GST)	Last date & Time of submission of bids	Due date of Opening
1.	TR-2026_ 53 Dt.11.08.2026 RFX No. 8100053665	**Estimate for sanction 175 kw NDLF connection external electrification Mr. Dipesh Ank Beside Pithaliya Plaza Fafadih Raipur under Budhpara Zone under City Dn. Central Raipur. 76-063V-5160-2026-0002 dt. 07.07.26. R6063C260243, 0244. (66C-04-I). Estt. Amt. 1983339.00**	5,30,791.00	Dt.31.08.2026 upto 02:30 PM	Dt.31.08.2026 upto 03:00 PM
	TR-2026_ 54 Dt.11.08.2026 RFX No. 8100053668	**Estimate for replacement of 15 no. Isolator at Nutan Various substation under City Dn. West Raipur. 76 -028-5146-26-0022 dt. 17.07.26. R46028260357. Estt. Amt. 562130.00**	4,30,016.00	Dt.31.08.2026 upto 02:30 PM	Dt.31.08.2026 upto 03:00 PM
	TR-2026_ 55 Dt.11.08.2026 RFX No. 8100053670	**Estimate for electrification of 41 no. House & 46 No. Empty Plot at Hanuman Vatika, Bhatagaon Raipur under Rawanbhata Zone City Dn. South, Raipur. 46-064-5156-25-0004 dt. 19.05.26. R56064250231, 232 & 233. (64-11-I). Estt. Amt.** 34,46,485.00	18,39,410.00	Dt.31.08.2026 upto 02:30 PM	Dt.31.08.2026 upto 03:00 PM

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

SAVE ELECTRICITY S-48722/2 **Superintending Engineer**
City Circle-I, CSPDCL: Raipur



छत्तीसगढ़ को 'GeM सस्टेनेबल प्रोक्योरमेंट अवार्ड' शासकीय खरीदी दोगुनी होकर 3,935 करोड़ पहुंची

■ प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया से वर्ष 2025-26 में राज्य को 130 करोड़ की बचत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (त्नक्र) के 10वें स्थापना दिवस समारोह में 'त्नक्र सस्टेनेबल प्रोक्योरमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की गरिमामयी उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया। त्नक्र के एक दशक पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समारोह की थीम 'GeM 10: A Decade of E&ponential Possibilities' रही।

राज्य सरकारों के लिए निर्धारित 'प्रीमियर अवार्ड्स – स्टेट गवर्नमेंट फेलिसिटेशन' श्रेणी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को यह पुरस्कार त्नक्र के प्रभावी उपयोग तथा इसके माध्यम से शासकीय खरीदी के मूल्य और मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए प्रदान किया गया है।

GeM की खुली बोली प्रक्रिया, मानकीकृत विनिर्देश और प्रत्येक लेन-देन का डिजिटल एवं ऑडिट योग्य रिकॉर्ड शासकीय खरीदी में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करता है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों में प्रतिस्पर्धी खरीदी के माध्यम से राज्य शासन को कुल 235 करोड़ की बचत हुई है। खरीदी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में निर्धारित जांच और निगरानी व्यवस्था लागू है। साथ ही निविदा की शर्तों एवं तकनीकी विनिर्देशों की नियमित समीक्षा की जाती है, जिससे खरीदी की गुणवत्ता सुनिश्चित होने के साथ बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता बनी रहे। छत्तीसगढ़ में त्नक्र के माध्यम से शासकीय खरीदी वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर ?3,935 करोड़ पहुंच गई।

खुली प्रतिस्पर्धा से 130 करोड़ की बचत

GeM प्लेटफॉर्म पर पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के कारण वित्तीय वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ शासन को 130 करोड़ की बचत हुई है। यह बचत विभागों द्वारा खरीदी के लिए अनुमानित लागत और खुली प्रतिस्पर्धी बोली के बाद प्राप्त वास्तविक बाजार मूल्य के अंतर से हुई है।

जल-पर्यावरण संरक्षण और आजीविका का सशक्त माध्यम : मंत्री टंकराम वर्मा

■ राजस्व मंत्री ने छुहीपाली में किया सीड बॉल का बीजारोपण

■ जल और मृदा संरक्षण के साथ ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। सीड बॉल अभियान एक पर्यावरण संरक्षण और वनीकरण की तकनीक है। इसमें मिट्टी, खाद और बीजों को मिलाकर छोटी-छोटी गोलियां (सीड बॉल) बनाई जाती हैं। इन्हें सूखने के बाद खाली और दुर्गम जमीनों या पहाड़ियों पर फेंक दिया जाता है। बारिश का पानी मिलने पर मिट्टी गल जाती है और बीज स्वतः अंकुरित होकर पौधा बन जाते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'सीड बॉल अभियान' को उस वक्त और बल मिला, जब राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने स्वयं धरातल पर उतरकर इसमें सहभागिता निभाई। उन्होंने सारंगढ़-बिलाईगढ जिले के सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम छुहीपाली स्थित पठारी क्षेत्र में 5 हजार सीड बॉल का वृहद बीजारोपण किया तथा नवनिर्मित डबरी की मेड़ पर 30 पौधों का रोपण किया।

न्यूज गैलरी

सावन मेले से गुलज़ार रहा आशीर्वाद भवन

रायपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज महिला मंडल, रायपुर द्वारा आशीर्वाद भवन में दो दिवसीय सावन मेले का आयोजन किया गया. समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्राजी और सचिव राजकुमार दीक्षितजी और अन्य पदाधिकारियों के साथ, महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्यों व समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में मेले का शुभारंभ किया गया. मेले में रायपुर के अलावा अन्य स्थानों से भी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर सहभागिता दिखाईद्य घरेलू ऊपयोगी सामान, हस्तशिल्प की सजावटी सामग्री एवं विभिन्न स्वादों के पकवान, वस्त्रों, ज्वेलरी और अन्य सामग्री के स्टॉल थेद्य घरेलू एवं महिला उद्मियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय का बेहतर अवसर मिला। सावन उत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी अध्यक्ष और सचिव महोदय के हाथों दिए गए। लक्की ड्रा का भी आयोजन किया गया, जिसमें तीन पुरस्कार दिए गए, अन्य कई चित्ताकर्षक गेम खिलाए गएद्य पारिवारिक माहौल में मेले का समापन हुआ।

दुर्गम पहाड़ी गांव सरुवत में आंगनबाड़ी की नई शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास अब जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव के रूप में दिखाई दे रहे हैं। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वाड्रफ्नगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरुवत इसका प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है, जहां वर्षों तक किराये के कमरे में संचालित होने वाली आंगनबाड़ी अब अपने नवीन भवन में बच्चों के समग्र विकास का केंद्र बन गई है। पहाड़ों के बीच बसे इस गांव में लंबे समय तक स्थायी भवन के अभाव में बच्चों और गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को आंगनबाड़ी सेवाओं का लाभ लेने में कठिनाई होती थी। सीमित स्थान और संसाधनों के बीच संचालित केंद्र में पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण और प्रारंभिक शिक्षा गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करना चुनौतीपूर्ण था। स्थायी भवन की आवश्यकता को देखते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से इसका समाधान किया गया। वर्ष 2025-26 में विकसित भारत-जी रामजी योजना, 15वें वित्त आयोग और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को एक साथ जोड़कर सरुवत में 11.69 लाख रुपये की लागत से नवीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत किया गया। भवन निर्माण के लिए विकसित भारत-जी रामजी योजना से 8 लाख रुपये, 15वें वित्त आयोग से 1.69 लाख रुपये तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से 2 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई। योजनाओं के प्रभावी अभिसरण से गांव की वर्षों पुरानी आवश्यकता का स्थायी समाधान संभव हो सका। सरुवत का क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत दुर्गम है। निर्माण सामग्री को भवन स्थल तक पहुंचाना भी कठिन कार्य था। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद ग्राम पंचायत और स्थानीय समुदाय ने निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा कराया। निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप मार्च 2026 में भवन का निर्माण निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर लिया गया। नया भवन अब केवल बच्चों के बैठने की जगह नहीं, बल्कि पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा और समग्र विकास के लिए सुरक्षित एवं सुविधायुक्त केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है।

सदाचार ही प्रथम धर्म, इसे अपनाकर मिलेगी दुख-दुर्गति से मुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास में धर्म और आत्मचिंतन की ज्ञानधारा प्रवाहित हो रही है। परम पूज्य मुनि संवेगरत्न सागर जी म.सा. के मुखारबिंद से श्रावक-श्राविकाएं प्रतिदिन जिनवाणी का श्रवण कर आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। धर्मसभा में मुनि ने कहा कि जीवन में दुख आना स्वाभाविक है, लेकिन दुख के प्रति हमारी प्रतिक्रिया ही उसके प्रभाव को तय करती है। यदि दुख का प्रतिकार करते रहेंगे तो वह हावी होता रहेगा, लेकिन दुख को सहजता से स्वीकार कर लिया जाए तो उसका प्रभाव कम हो जाता है। अनाचार का सेवन करेंगे तो भव-भ्रमण चलता रहेगा और सदाचार को जीवन में उतारेंगे तो भव-भ्रमण समाप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। मुनि ने कहा कि सदाचार ही प्रथम धर्म है। केवल अच्छे विचार सुनना या ग्रहण करना पर्याप्त नहीं है, जब तक उन्हें जीवन के आचरण में नहीं उतारा जाएगा, तब तक वे केवल विचार बनकर रह जाएंगे। जिनवाणी सुनने के बाद यदि आचार को प्राथमिकता नहीं दी तो उसके वास्तविक मर्म को आत्मसात नहीं किया जा सकता। मुनि ने कहा कि जो जीव अनाचार और दुर्ध्यान में अपने जीवन को व्यर्थ करता है, उसकी रुचि भी धीरे-धीरे उन्हीं प्रवृत्तियों में बढ़ने लगती है। इसके परिणामस्वरूप दुख, दुर्गति और पीड़ा का चक्र लगातार चलता रहता है। बार-बार अनाचार का सेवन करने से जीव स्वयं को उसी चक्र में बांधता चला जाता है।

सेवानिवृत्त होने से पहले ही अफसरों व कर्मियों के मामलों का करें निराकरण

■ महत्वपूर्ण योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन के समस्त विभागों के भार साधक सचिवों की बैठक ली। बैठक में विभागों के महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा है कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विभिन्न प्रकरणों के निराकरण उनके सेवा निवृत्त होने से पहले ही तैयार कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों की सूची विभागावार नियतकालिक अवधि में बनायी जाए। विभागों में रिक्त पदों की सूची एवं बैकलॉक के पदों पर सेटअप बनाकर भर्ती प्रक्रिया पूरी करें। मुख्य सचिव ने विभागीय सचिवों को उनके विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। बैठक में लोक सेवा गारंटी, सूचना के अधिकार, सेवा सेतु, लोक सेवा गारंटी, पीएम प्रगति पोर्टल, ई-प्रगति, डी रेगुलेशन, ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली गई। बैठक में बताया गया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत 728 सेवाएं को नोटिफाइड हो चूकी है।

मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आई-गॉट के तहत विभागवार चिन्हित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग की जाये। अधिकारी-कर्मचारियों को आई-गॉट के तहत विभाग की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिलाने कहा है।

अधिकारी- कर्मचारियों के लिए आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण के कार्ययोजना बनायें। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि रिफार्म के तहत अपने-अपने विभागवार जानकारी तैयार करें। आगामी दिनों में रिफार्म उत्सव अभियान का आयोजन होगा। बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, गृह एवं जेल विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह, आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, विधि एवं विधायी विभाग की प्रमुख सचिव सुषमा सावंत, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमख सचिव शहला निगार, वित्त एवं जनसम्पर्क विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, मुख्यमंत्री एवं सुशासन अभिसरण विभाग के सचिव राहुल भगत, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अंकित आनंद, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, ऊर्जा विभाग के सचिव सारांश मित्तर, श्रम विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, सहित राज्य शासन के अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

भारत मंडपम, भूमि पूजन समारोह में कैट के शीर्ष नेतृत्व ने लिया भाग

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 में हिस्सा लेने हेतु छत्तीसगढ प्रदेश एवं जिला स्तर के लगभग 150 पदाधिकारी, विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि एवं व्यापारी बंधुओं ने दिल्ली रवाना हुए। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि आज देश के व्यापार और उद्यमिता को नई दिशा देने वाले ÷भारतीय व्यापार महोत्सव 2026÷ के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन का भूमि पूजन समारोह आज भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में पूरे वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। समारोह में CAIT के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया जी, राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सांसद प्रवीण खंडेलवाल जी, तथा नेशनल चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल जी के साथ CAIT के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

धान बेचने की चिंता थी, घर की चौखट पर मिला समाधान

■ बोगी बाई के लिए घर बना सरकारी सेवा का केंद्र, मौके पर हुआ एग्रीस्टैक पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। डिजिटल शासन की सबसे बड़ी सफलता तब मानी जाती है जब तकनीक आम नागरिक के लिए सुविधा बन जाए। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के महादेवपुर गांव में ऐसी ही एक संवेदनशील पहल देखने को मिली, जहां वृद्ध महिला किसान बोगी बाई को एग्रीस्टैक पंजीयन के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। प्रशासनिक टीम स्वयं उनके घर पहुंची और मौके पर ही पंजीयन की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई। उम्र के इस पड़ाव पर खेती ही बोगी बाई की आजीविका का प्रमुख आधार है। उनके खेत में उगने वाला धान पूरे वर्ष की आर्थिक उम्मीद से जुड़ा है। जब उन्हें जानकारी मिली कि एग्रीस्टैक पंजीयन नहीं होने पर डिजिटल क्रॉप सर्वे, धान बिक्री और कृषि से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं के लाभ में कठिनाई आ सकती है, तो स्वाभाविक रूप से चिंता बढ़ गई। डिजिटल प्रक्रिया की जानकारी और तकनीकी संसाधनों की कमी उनके लिए बड़ी बाधा थी।

महादेवपुर निवासी बोगी बाई के पास लगभग 6.87 हेक्टेयर कृषि भूमि है। प्रशासनिक टीम ने उनकी स्थिति को समझते हुए घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया और एग्रीस्टैक पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर उन्हें डिजिटल कृषि व्यवस्था से जोड़ दिया।

पूर्वोत्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड कम्यूनिटी के प्रतिनिधिमंडल का रायपुर आगमन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं पूर्वोत्तर चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड कम्युनिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे ऐतिहासिक कार्यक्रम ÷बिजनेस कनेक्ट÷ में शामिल होने के लिए पूर्वोत्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल आज रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुँचा। एयरपोर्ट पर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी जी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूर्वोत्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड कम्यूनिटी के प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से PCCC दिल्ली NCR के चेयरमैन अजय खेमानी, वाइस चेयरमैन सुशील अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश सोनी तथा कार्यकारी सदस्य एवं स्टार सीमेंट निर्माता पंकज केजरीवाल शामिल हैं। इनके साथ ही बीकानेरवाला, रेक्सिन व ग्रैनाइट व्यवसायी नवरतन अग्रवाल, मोटिवेशनल स्पीकर एवं एग्रीकल्चर ड्रोन निर्माता डॉ. शंकर गोयनका, स्टील प्लांट उद्योगपति उदय चैधरी, फंडिंग व बिजनेस डेवलपमेंट विशेषज्ञ सारंग अग्रवाल, ट्रैवल्स एवं फाइनेंस विशेषज्ञ सीए उमेद कुमार जैन, CSA ग्रुप के संतोष मित्तल, रियल एस्टेट क्षेत्र से विजय अग्रवाल व गोपाल अग्रवाल, कॉरपोरेट गिफ्ट व्यवसायी पंकज अग्रवाल तथा IT सेक्टर से लोकेश खेतान रायपुर पहुँचे हैं।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
स्वर्णा किराना
तिरंगे की शान,
देश का अभिमान,
आजादी के वीरों
को शत्-शत् नमन
जय हिन्द
प्रो. रोशन तिवारी
स्वर्णा किराना, पड़कीडीह
बेमेतरा

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
हमारी विशेषताएं
सभी प्रकार की दवाईयाँ एवं मेडिकल उत्पाद उपलब्ध।
सरकारी योजनाओं की दवाईयाँ उपलब्ध।
अनुभवी एवं विनम्र स्टाफ।
उचित मूल्य पर उत्तम गुणवत्ता की दवाईयाँ।
ग्राहकों की सेवा ही हमारी पहचान।
स्वस्थ भारत
समृद्ध भारत
हमारा भारत
तिरंगे की शान, देश का अभिमान,
आजादी के वीरों को शत्-शत् नमन
जय हिन्द
मूर्ति मेडिकल स्टोर
पड़कीडीह, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
तिरंगे की शान, देश का अभिमान,
आजादी के वीरों को शत्-शत् नमन
जय हिन्द
सूबेदार हरीश अवस्थी
सेवानिवृत्त, भारतीय सेना
सिंघनपूरी, जिला बेमेतरा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब मिलकर देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए संकल्प लें और भारत को और अधिक शक्तिशाली बनाएं।
हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा
जय हिन्द
श्री लक्ष्मी ट्रेडर्स
हमारे यहां सभी प्रकार का सीमेंट, सरिया, ईंट, रेत, गिट्टी, टाइल्स, ग्रेनाइट, पाइप फिटिंग एवं बिल्डिंग मटेरियल उचित मूल्य पर उपलब्ध है।
प्रो. प्रवीण लाखोटिया
गनवी चौक, बेमेतरा, (छ.ग.) 9425276516

विकास की अंधी दौड़ : बेमेतरा-मुंगेली सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हजारों हरे-भरे पेड़ों की 'बलि'

■ बेमेतरा-मुंगेली सड़क मार्ग निर्माण में पीडब्ल्यूडी, राजस्व और वन विभाग की साझेदारी से 3123 पेड़ों की कटाई का रिकॉर्ड

बेमेतरा/नवप्रदेश। एक तरफ जहां देश और प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे बड़े अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का ढोल पीटा जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ शासकीय कार्यों की आड़ में पर्यावरण का गला घोंटने का एक बड़ा मामला सामने आया है।

जिलें में बेमेतरा से मुंगेली के बीच चल रहे सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य की आड़ में हजारों हरे-भरे पेड़ों की बेरहमी से कटाई कर 'बलि' दे दी गई है। सड़क किनारे बचे पेड़ों के ठूंठ अब चिल्ला-चिल्लाकर इस विनाश की गवाही दे रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो इस पूरी कटाई प्रक्रिया में पीडब्ल्यूडी ने स्थापित सरकारी नियमों को पूरी तरह ताक पर रख दिया है। जानकारों का कहना है कि यदि निम्नलिखित बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच की जाए, तो एक बहुत बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। पेड़ों की वास्तविक संख्या कागजों में जितने पेड़ दिखाए गए हैं, जमीन पर उससे कहीं ज्यादा काटे गए हैं। कटाई की मात्रा और भंडारण कटे हुए पेड़ों की लकड़ी की मात्रा और उसके भंडारण के हिसाब में भारी हेरफेर की आशंका है। पूरे सड़क मार्ग का अवलोकन करने पर पेड़ों की कटाई के पूर्व और बाद की स्थिति देखकर स्वतः ही अनुमान लगाया जा सकता हैं कि कितने पेड़ों की कटाई की गई होंगी। यदि इसका मिलान किया जाए, तो हकीकत की पोल खुल जाएगी।

ठेकेदार और अधिकारियों की जुगलबंदी ने शासकीय कार्य का बहाना बनाकर नियमों की धज्जियां उड़ा दी हैं। वहीं पेड़ो की कटाई के संबंध में शामिल विभागो (श्च2स्त्र, राजस्व, वन) द्वारा जानकारी देने में एक दूसरे के ऊपर ठिकरा फोड़ा जा रहा हैं। सबसे चौंकाने वाली और चिंताजनक बात यह है कि इस भारी तबाही के बाद हजारों पेड़ों की कटाई की भरपाई के लिए विभाग के पास कोई ठोस योजना नहीं है।

116 करोड़ का प्रोजेक्ट, पर्यावरण को अरबों का नुकसान

केंद्रीय सड़क निधि मद से स्वीकृत 116 करोड़ रुपए की भारी लागत से बेमेतरा-मुंगेली के बीच 43 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य प्रगति पर है। विकास का यह रास्ता लोक निर्माण विभाग की लापरवाही और मनमानी के कारण पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित हो रहा है।

आम से लेकर कई प्रजाति के पेड़ों की कटाई

सड़क निर्माण में काटे गए पेड़ों में आम से लेकर खास, हर प्रजाति के पेड़ शामिल थे, जो दशकों से राहगीरों को छांव और क्षेत्र को ऑक्सीजन दे रहे थे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन इस तरह की अंधाधुंध कटाई ने पूरे इलाके व मार्ग को पर्यावरण विहीन में तब्दील कर दिया है।

> पेड़ों की कटाई संबंधी समस्त जानकारी वन विभाग के द्वारा दी जाएगी, क्योंकि पेड़ों की कटाई का कार्य उनके द्वारा ही किया गया हैं। इस संबंध में हमारे पास कोई जानकारी नहीं हैं।
>
> **- डीके चंदेल,** ईई, पीडब्ल्यूडी बेमेतरा

> बेमेतरा मुंगेली सड़क मार्ग निर्माण में आने वाले पेड़ों का पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मार्किंग कर दिया गया था, जिसके बाद वन विभाग द्वारा कटाई का कार्य किया गया। इस मार्ग पर कुल 3123 पेड़ों की कटाई की गई है। वृक्षारोपण की कार्य योजना अभी तक नहीं बनाई है।
>
> **- राम पटेल,** रेंजर, वन विभाग बेमेतरा

न्यूज गैलरी

सड़क के गड्ढों में भरे पानी में ग्रामीणों ने लगाए कनेर के फूल

कवर्धा/नवप्रदेश। अमलीमालगी-दामापुर से कवर्धा जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बेहद खराब स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की बदहाली को लेकर लोगों ने अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने गड्ढों में भरे पानी के बीच कनेर के फूल लगाकर सड़क की स्थिति की ओर जिम्मेदार विभाग का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि बारिश के दौरान गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है। इससे आए दिन वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी होती है। मौके पर प्रशांत खांडे, इंद्रजीत चतुर्वेदी, लखन सिगरौल, शुभम, दुरबीन, अंशू, ओमकार, रोहित, टेकराम, पंचू, राजेश, महेंद्र, भोली, पुसईया, सतरूपा, मेघऊ, फुलवारी, निर्मल, नागेश्वर और अरुण सहित आसपास के सभी गांवों के लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि मार्ग का जल्द निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि लोगों को आवागमन की समस्या से राहत मिल सके।

रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी-मारपीट, धोखाधड़ी के मामले दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के दौरान चोरी, धोखाधड़ी, मारपीट और सड़क दुर्घटना से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में शेयर बाजार में मुनाफा कमाने का झांसा देकर करीब 3 लाख 90 हजार 960 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायत के अनुसार आरोपी ने प्रार्थी तेजस्वी पाण्डेय और उसके परिचितों को शेयर बाजार में मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि एसी और मोबाइल फोन फाइनेंस कराकर उनकी बिक्री के माध्यम से रकम प्राप्त की गई, लेकिन बाद में राशि वापस नहीं की गई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। टिकरापारा थाना क्षेत्र के रावतपुरा कॉलोनी स्थित श्री गुरु ज्वेलर्स में अज्ञात चोर ने दुकान का शटर/ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। आरोपी दुकान से सोने-चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 95 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 331(4) और 305 के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहतमपुर कला में मां को गाली देने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत के मुताबिक, आरोपी मिथुन मारकंडे और पुरण मारकंडे प्रार्थी की मां को गाली दे रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाई।

सवालः मामला खुलने के बाद मचा हड़कंप, आयुष्मान घोटाला या तकनीकी लापरवाही

मृत आरक्षक को 42 दिन 'भर्ती' दिखाने की जांच शुरू, रायपुर भेजी जा रही रिपोर्ट

अम्बिकापुर/जशपुर। अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जशपुर के दिवंगत आरक्षक देवनारायण राम की मौत के 42 दिन बाद भी आयुष्मान रिकॉर्ड में उन्हें भर्ती दिखाए जाने और 'स्वस्थ होने का संदेश' भेजने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने और मृतक की पत्नी सीमा कुजूर द्वारा जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग के बाद अब स्वास्थ्य महकमा और अस्पताल प्रबंधन इस बड़ी चूक की परतें खंगालने में जुट गया है। अस्पताल प्रबंधन ने प्रारंभिक सफाई में इसे एक 'ऑटो-जेनरेटेड' (स्वचालित) संदेश प्रणाली की तकनीकी त्रुटि बताया था।

अस्पताल प्रबंधन की सफाईः 'सिर्फ5 दिन का कटा है बिल'

मामले की गंभीरता को देखते हुए अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि मरीज देवनारायण राम 26 जून से 30 जून तक आईसीयू में भर्ती थे और 30 जून को ही उनका आयुष्मान कार्ड ब्लॉक कर दिया गया था। अस्पताल के दावों के अनुसार, कार्ड से केवल 5 दिनों के इलाज की राशि काटी गई है। ऐसे में 42 दिनों तक मरीज को सिस्टम में सक्रिय दिखाए जाने के पीछे सॉफ्टवेयर की तकनीकी खामी है या इसके पीछे कोई बड़ा आयुष्मान घोटाला छिपा है, यह जांच का मुख्य बिंदु बन गया है।

रायपुर मुख्यालय को लिखा जा रहा पत्र

अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के विसंगतिपूर्ण संदेशों से पीड़ित परिवार को होने वाली मानसिक प्रताड़ना बेहद खेदजनक है। सिस्टम में इस तरह के लूपहोल को ठीक करने और इसकी असल वजह का पता लगाने के लिए रायपुर स्थित राज्य आयुष्मान नोडल एजेंसी और संबंधित विभाग को विस्तृत पत्र लिखा जा रहा है।

'क्या गरीबों के नाम पर हो रहा है फर्जीवाड़ा?'

मृतक आरक्षक की पत्नी सीमा कुजूर, जो स्वयं जशपुर जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स हैं, ने इस पूरी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, 'जब 30 जून को अस्पताल ने स्वयं मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कर दिया था, तो आयुष्मान सारथी पोर्टल को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई? यदि मैं स्वास्थ्य विभाग में नहीं होती, तो शायद इस गड़बड़ी को कभी पकड़ ही नहीं पाती।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य मामलों के जानकारों का कहना है कि यदि आयुष्मान पोर्टल पर मरीज को 'डिस्चार्ज' या 'मृत' समय पर अपडेट नहीं किया जाता, तो अस्पताल के क्लेम और डेटा में भारी अंतर आ जाता है। इस मामले में भी 42 दिनों का यह लंबा अंतराल केवल एक तकनीकी खराबी नहीं हो सकता, बल्कि पोर्टल ऑपरेटरों और संबंधित नोडल अधिकारियों की गंभीर मॉनिटरिंग चूक है।

गांजा तस्करी के मामले में आरोपी को 10 साल की सजा, एक लाख जुर्माना

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को बड़ी सफलता मिली है। थाना गिधौरी पुलिस द्वारा 53 किलो 100 ग्राम गांजा तस्करी के मामले में की गई ठोस विवेचना और प्रभावी न्यायालयीन पैरवी के बाद विशेष न्यायालय बलौदाबाजार ने आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं देने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

विशेष न्यायालय बलौदाबाजार की पीठासीन अधिकारी संगीता नवीन तिवारी ने यह फैसला 8 अगस्त 2026 को सुनाया। आरोपी कृष्णेन्द्र उर्फ कन्हैया त्रिपाठी (20 वर्ष) निवासी डाम्हा, थाना नागौद, जिला सतना (मध्य प्रदेश) को NDPS Act की धारा 20(ii)(C) के तहत दोषी ठहराया गया। पुलिस के अनुसार, 21 जनवरी 2024 को थाना गिधौरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वर्ना कार क्रमांक MP 19 CA 9503 में भारी मात्रा में गांजा भरकर भटगांव की ओर से गिधौरी होते हुए कसडोल की तरफले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने नवीन अमलीडीह रोड के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर कार चालक वाहन को तेज गति से भगाकर पत्थरों के ढेर के पास छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसकी डिग्गी से 53 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और वाहन को जब्त कर थाना गिधौरी में अपराध क्रमांक 20/2024 दर्ज किया। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने वाहन स्वामी और अन्य तथ्यों के आधार पर आरोपी कृष्णेन्द्र उर्फ कन्हैया त्रिपाठी की पहचान की और उसे गिरफ्तार किया।

छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिन साफ रहेगा मौसम, फिर बढ़ेंगी मानसूनी एक्टिविटी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बीते कई दिनों से हो रही बारिश के बाद मानसून की एक्टिविटी फिलहाल थोड़ी कमजोर रहने वाली हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3 दिनों में बारिश कम होने की संभावना है। हालांकि इस दौरान कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। छत्तीसगढ़ में बीते कई दिनों से हो रही बारिश के बाद मानसून की एक्टिविटी फिलहाल थोड़ी कमजोर रहने वाली हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3 दिनों में बारिश कम होने की संभावना है। हालांकि इस दौरान कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3 दिनों तक प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान बारिश की तेजी में कमी देखने को मिल सकती है। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें भी पड़ेंगी, इसके बाद प्रदेश में मानसूनी गतिविधियों में फिर बढ़ोतरी होने के आसार हैं। यानी फिलहाल बारिश से थोड़ी राहत के बाद आने वाले दिनों में बारिश का दौर दोबारा तेज हो सकता है। मौसम विभाग ने रायगढ़, जशपुर, सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर में बादल गरजने, आकाशीय बिजली गिरने और बारिश की संभावना है। उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, कोरिया और बलरामपुर समेत कई जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में तेज हवा के साथ मौसम बदलने की भी संभावना है।

मुआवजा नहीं मिला तो आदिवासी विकास विभाग कार्यालय की चल संपत्ति कुर्क करने वारंट

अदालती आदेश की अनदेखी पड़ी भारी

■ सड़क हादसे में महेतर ध्रुव की मौत का मामला, परिजनों को 13.14 लाख रुपये दिलाने न्यायालय ने उठाया सख्त कदम

गरियाबंद/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले महेतर ध्रुव के परिजनों को न्यायालय द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किए जाने का मामला अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, गरियाबंद ने डिक्री की राशि 13 लाख 14 हजार 564 की वसूली के लिए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, गरियाबंद के कार्यालय की चल संपत्ति कुर्क करने का वारंट जारी किया है।

न्यायालय के इस सख्त आदेश ने विभागीय स्तर पर मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

परिवार का सहारा छिना, कोर्ट ने माना आर्थिक नुकसान

रिकॉर्ड के अनुसार मृतक की उम्र करीब 50 से 55 वर्ष थी और वे कृषि मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी आय लगभग 15 हजार प्रतिमाह बताई गई है। उनकी आकस्मिक मृत्यु से पत्नी, पुत्र, बहू तथा नाती-नातिन को न केवल आर्थिक क्षति हुई, बल्कि परिवार से एक महत्वपूर्ण सहारा भी छिन गया। न्यायालय ने आश्रितों के हित को ध्यान में रखते हुए क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित की। आदेश में मृतक की पत्नी पार्वती ध्रुव को 2 लाख, पुत्र टिकेश कुमार धु को 50 हजार तथा बहू धनैश्वरी ध्रुव को 50 हजार दिए जाने सहित अन्य आश्रितों के लिए राशि सुरक्षित जमा करने के निर्देश दिए गए थे।

2024 में हुआ था मुआवजे का फैसला, फिर भी भुगतान अधूराः मामला दावा प्रकरण क्रमांक 06/2022, पार्वती ध्रुव वगैरह विरुद्ध सत्येन्द्र कुमार गंगासागर वगैरह से संबंधित है। न्यायालय ने 9 अगस्त 2024 को अधिनिर्णय पारित करते हुए अनावेदकगण को आवेदकगण के पक्ष में 9,71,312 क्षतिपूर्ति अदा करने का आदेश दिया था। इसके साथ दावा प्रस्तुत करने की तिथि से वास्तविक भुगतान तक 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज देने के निर्देश भी दिए गए थे। लेकिन निर्धारित राशि का भुगतान नहीं होने पर मामला अब कुर्की और वसूली की कार्रवाई तक पहुंच गया है।

22 नवंबर 2022 को सड़क पार करते समय हुआ था हादसाः न्यायालयीन रिकॉर्ड के मुताबिक 22 नवंबर 2022 को दोपहर करीब 2:30 बजे महेतर ध्रुव अपनी पत्नी के साथ गरियाबंद बाजार आया था। जनपद पंचायत गरियाबंद के सामने सब्जी लेकर सड़क पार करते समय कलेक्टर कार्यालय की ओर से आ रहे वाहन क्रमांक CG-02-G-5316 ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में महेतर ध्रुव को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल शासकीय अस्पताल गरियाबंद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन : 0771-3526755, 6262188999